महाकुम्भ 2025

आज की खबर आज ही

जनाकांक्षाओं का सजग प्रहरी

# चेतना मंच

वर्ष : 27 | अंक : 51 | website:www.chetnamanch.com | नोएडा, सोमवार, 10 फरवरी, 2025 | Chetna Manch | Chetna Manch | मूल्य 2.00 रु. | पेज: 8


# चुनौतियों से घबराएं नहीं उन्हें स्वीकारें : प्रधानमंत्री

**पीएम सर की पाठशाला**

**दिल्ली ( एजेंसी )।** देश के प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने नई दिल्ली स्थित सुंदर नर्सरी में छात्रों से संवाद किया। परीक्षा पर चर्चा के आठवें संस्करण का यह टीजर आज जारी किया गया। इस दौरान उन्होंने विद्यार्थियों को गणित के सवालों का सामना करने के तरीके सिखाए. प्रधानमंत्री मोदी ने अपनी स्कूल की यादों को ताजा करते हुए बताया कि कैसे उनके शिक्षक उनकी हैंडराइटिंग सुधारने की पूरी कोशिश करते रहे, लेकिन इसके बावजूद उनकी लिखावट में कोई सुधार नहीं हुआ। इसके बजाय, उनके शिक्षकों की हैंडराइटिंग और भी सुंदर हो गई। इस कार्यक्रम के दौरान कई छात्र-छात्राओं ने कविताएं भी सुनाईं. पंजाब, त्रिपुरा, केरल, बिहार, गया, राजस्थान सहित विभिन्न राज्यों के छात्र इस आयोजन में शामिल हुए।

छात्रों पर परीक्षा पर चर्चा करते हुए पीएम ने आगे कहा कि मेरी माता पिता को एडवाइस है कि आपको बच्चे को मॉडल के रूप में हर जगह खड़ा मत करो। हर बच्चा अलग-अलग फील्ड में अच्छा होता है। जैसे सचिन तेंदुलकर खेल में हैं पढ़ाई में नहीं। एक बार मुझसे पूछा कि अगर आप पीएम नहीं होते और मंत्री होते तो आप कौनसा डिपार्टमेंट चुनते। इस पर





पीएम ने कहा कि मैं स्किल डिपार्टमेंट चुनता क्योंकि स्किल बेहद जरूरी है। माता-पिता को भी बच्चों की स्किल पर ध्यान देना चाहिए।

पीएम ने कहा कि मेरी हैंडराइटिंग ठीक हो इसके लिए मेरे टीचर्स से बहुत मेहनत की. भले ही मेरी ठीक ना हुई हो पर उनकी हैंडराइटिंग ठीक हो गई थी. मुझे यह अच्छा लगा पर कि मेरे टीचर मेरे लिए इतनी मेहनत करते थे।

पीएम ने छात्र ने कहा कि धीरे धीरे आपने देखा होगा कि अब घर में कोई बात करता है तो अच्छा नहीं लगता है. बचपन में हर बात माता-पिता को बताते थे. अब धीरे-धीरे छात्र अपने आपको कट करता जाता है. इससे वह धीरे-धीरे डिप्रेशन में चला जाता है। (शेष पृष्ठ-3 पर)

# महाकुंभ में श्रद्धालुओं की भारी भीड़ पांच लाख वाहनों से भीषण जाम



**प्रयागराज ( एजेंसी )।** प्रयागराज महाकुंभ में श्रद्धालुओं की भीड़ लगातार बढ़ती जा रही है। भीड़ को देखते हुए प्रशासन अलर्ट मोड में आ गया है। पिछले 24 घंटे में प्रयागराज में 5 लाख वाहन पहुंच चुके हैं। इसके चलते बॉर्डर जिले से लोगों को लौटाया जाने लगा है। वहीं, प्रयागराज के संगम स्टेशन को 14 फरवरी तक बंद कर दिया गया है। माघ पूर्णिमा से पहले महाकुंभ में श्रद्धालुओं का दवाब लगातार बढ़ रहा है।

प्रयागराज शहर में आस्था की डुबकी लगाने के लिए लोग ट्रेन में टिकट नहीं मिलने के चलते पर्सनल वाहन से भी आ रहे हैं। जिसकी वजह से शहर में रात में भी जाम लग रहा है। श्रद्धालुओं के वाहनों से पूरा शहर जाम हो गया है। शहर से 35 किलोमीटर दूर वाहनों की लम्बी कतार लगी है।

भीड़ के चलते लोग घंटों जाम में फंस जा रहे हैं। (शेष पृष्ठ-3 पर)

## राष्ट्रपति ने लगाई संगम में आस्था की डुबकी

**महाकुंभ नगर।** तीर्थराज की पावन धरा पर सोमवार को देश की प्रथम नागरिक राष्ट्रपति श्रीमती द्रौपदी मुर्मु ने पहुंचकर संगम में आस्था की डुबकी लगाई। एयरपोर्ट पर राष्ट्रपति को रिसीव करने के लिए उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ पहुंचे। उनके साथ उप्र की राज्यपाल श्रीमती आनंदी बेन पटेल व प्रदेश सरकार में मंत्री नंदगोपाल गुप्ता 'नंदी' भी मौजूद थे। संगम स्नान के बाद राष्ट्रपति ने गंगा पूजा की। वह आज आठ घंटे से अधिक समय तक संगम नगरी में रहेंगी।

मां गंगा, यमुना और अदृश्य सरस्वती के संगम में राष्ट्रपति ने आस्था की डुबकी लगाकर सनातन आस्था को मजबूत आधार दिया। देश की प्रथम नागरिक का संगम में पावन डुबकी लगाने का यह ऐतिहासिक क्षण है। (शेष पृष्ठ-3 पर)



# तारबंदी को लेकर खूनी संघर्ष लाठी डंडों से सिर फोड़ा

**ग्रेटर नोएडा ( चेतना मंच )।** थाना सूरजपुर क्षेत्र के गांव श्योराजपुर में खेत में तारबंदी को लेकर दो पक्षों में खूनी झड़प हो गई। देखते ही देखते एक पक्ष ने दूसरे पक्ष के लोगों को पीट-पीटकर अधमरा कर दिया। बताया जा रहा है कि खुद को भाजपा नेता बताने वाला प्रमोद भाटी दूसरे पक्ष के बलराज भाटी का उस वक्त विरोध कर रहा था जब वो अपने खेतों में तारबंदी कर रहे थे। इसी दौरान कहासुनी हो गई। कहासुनी इतनी बढ़ गई कि प्रमोद ने अपने साथियों के साथ मिलकर बलराज व उसके परिवार वालों को जमकर पीटा। ज्यादातर लोगों को गंभीर चोटें आयी है। इस खूनी संघर्ष में 8 लोग गंभीर रूप से घायल हो गए हैं।

श्योराजपुर गांव के निवासी बलराज भाटी के बेटे अभिषेक ने बताया कि पिछले कई दिनों से प्रमोद भाटी उनसे झगड़ा करने की ताक में बैठा था। शनिवार को बाहर से आने वाले पशुओं से खेत को बचाने के लिए बलराज तारबंदी





करने लगे तो प्रमोद भाटी ने इसका विरोध किया। इसी दौरान मारपीट हो गई। बलराज के परिवार के आठ लोग को पीट-पीटकर घायल किया गया। सभी के सिर में गहरी चोटें हैं। अभिषेक का आरोप है कि इस मामले में पुलिस निष्पक्ष रूप से कार्यवाही नहीं कर रही है। प्रमोद भाटी की भाजपा नेताओं से अच्छी पकड़ है इसलिए पुलिस ने खानापूर्ति करने के लिए मुकदमा दर्ज किया है। जबकि मौके पर हथियारों से हमला किया गया मगर इसे साधारण मारपीट का मामला बताकर मुकदमा दर्ज किया गया है।



पुलिस ने दोनों पक्षों की शिकायत पर मुकदमा दर्ज कर आरोपियों को हिरासत में ले लिया है और मामले की जांच कर रही है।

# मुठभेड़ में दो बदमाशों को लगी गोली



**नोएडा ( चेतना मंच )।** थाना सेक्टर-142 पुलिस ने मुठभेड़ के बाद तीन शातिर बदमाशों को गिरफ्तार किया है। मुठभेड़ के दौरान पैर में गोली लगने से दो बदमाश घायल हो गए। पकड़े गए बदमाशों के पास से तमंचा, कारतूस व चोरी की स्कूटी बरामद हुई है।

पुलिस टीम जैन पार्क के पास वाहनों की चेकिंग कर रही थी। इस दौरान पुलिस टीम ने स्कूटी पर आ रहे तीन युवकों को रुकने का इशारा किया। पुलिस को देखकर स्कूटी सवार भागने लगे। पीछा करने पर उन्होंने पुलिस टीम पर फायरिंग कर दी। पुलिस द्वारा की गई जवाबी कार्रवाई में दो बदमाशों के पैर में गोली लगी और वह घायल होकर गिर गए। इस दौरान उनका तीसरा साथी मौके से फरार हो गया। घायल बदमाशों ने अपने नाम अर्जुन सिंह उर्फ कन्हैया पुत्र श्याम पाल सिंह निवासी ग्राम इलाहाबास, प्रियांशु उर्फ भटिंडा पुत्र रूपचंद निवासी ग्राम दुजाना बताया। पुलिस ने कांबिंग के दौरान उनके फरार (शेष पृष्ठ-3 पर)

## पीएनबी व स्कूल के बाहर से बाइक चोरी

**ग्रेटर नोएडा ( चेतना मंच )।** गौतमबुद्धनगर जिले में अलग-अलग स्थानों से वाहन चोर तीन वाहनों को चोरी कर ले गए। पीड़ितों की शिकायत पर पुलिस ने अज्ञात चोरों के खिलाफ मामला दर्ज कर लिया है। छपरौली गांव में रहने वाले योगेश भाटी ने थाना एक्सप्रेस वे में अपनी बाइक चोरी होने की रिपोर्ट दर्ज कराई है। उन्होंने दर्ज कराई रिपोर्ट में बताया कि 5 दिसंबर को ऑफिस से आने के बाद उसने अपनी बाइक घर के बाहर खड़ी कर दी थी। 6 दिसंबर की सुबह जब वह घर के बाहर आया तो उसकी बाइक गायब थी। थाना सेक्टर 63 में सर्वेश तिवारी ने अपनी बाइक चोरी (शेष पृष्ठ-3 पर)

# FIIT JEE पर बड़ा एक्शन 11 करोड़ के बैंक खाते सीज

**ग्रेटर नोएडा ( चेतना मंच )।** नोएडा पुलिस ने FIIT JEE कोचिंग संस्थान के खिलाफ कड़ा एक्शन लिया है। हजारों छात्रों का भविष्य अंधकार में डालने वाले FIIT JEE कोचिंग संस्थान के कई बैंक एकाउट सीज कर दिए गए हैं। थाना नॉलेजपार्क पुलिस व साइबर क्राइम टीम ग्रेटर नोएडा द्वारा FIIT JEE कोचिंग संस्थान के 12 एकाउन्ट में जमा कुल धनराशि लगभग 11 करोड़ 11 लाख को फ्रीज कराया गया।

पुलिस कमिश्नर गौतमबुद्धनगर श्रीमती लक्ष्मी सिंह के निर्देशानुसार एवं पुलिस उपायुक्त व अपर पुलिस उपायुक्त ग्रेटर नोएडा के पर्यवेक्षण में थाना नॉलेज पार्क पुलिस व साइबर क्राइम ग्रेटर नोएडा द्वारा FIIT JEE कोचिंग संस्थान के विरूद्ध कड़ी कार्रवाही




की जा रही है। FIIT JEE के संस्थापक दिनेश गोयल के पैन कार्ड से संबंधित विभिन्न राज्यों में निजी बैंक के लगभग 172 करेन्ट एकाउन्ट व 12 सेविंग एकाउन्ट की जानकारी नोएडा पुलिस को हुई है। (शेष पृष्ठ-3 पर)

## गांजा बेचते गिरफ्तार

**नोएडा ( चेतना मंच )।** थाना सेक्टर-49 पुलिस ने मादक पदार्थ विक्रेता को गिरफ्तार किया है। पकड़े गए आरोपी के पास से गांजा बरामद हुआ है।

थाना प्रभारी ने बताया कि पुलिस टीम गश्त कर रही थी। इस दौरान मुखबिर ने सूचना दी कि सेक्टर-50 की सर्विस रोड पर पार्क की दीवार के पास बैठकर एक व्यक्ति गांजा बेच रहा है। सूचना के आधार पर पुलिस टीम ने बताए गए स्थान पर छापा मार कर एक व्यक्ति को हिरासत में लिया। तलाशी में इसके पास से एक किलो गांजा बरामद हुआ। पूछताछ में आरोपी ने अपना नाम गयाप्रसाद पुत्र आसाराम निवासी जनपद महोबा बताया। पकड़े गए आरोपी ने बताया कि वह हाल में छलेरा गांव में किराए पर रह रहा है। गयाप्रसाद ने बताया कि वह दिल्ली से गांजा खरीद कर लाता है और उसकी पुड़िया बनाकर नशे के आदी लोगों को बेचता है। पुलिस ने आरोपी के खिलाफ एनडीपीएस एक्ट के तहत मुकदमा दर्ज कर उसे न्यायालय में पेश किया है।


# स्वच्छता सर्वेक्षण में नंबर-1 पर कैसे आ पाएगा नोएडा!

## सुन्दरता को ग्रहण लगा रहे सेक्टर-122 में लगे कचड़े के ढेर

**नोएडा ( चेतना मंच )।** नोएडा-122 में सफाई कार्य में लापरवाही बरते जाने पर जगह-जगह कचड़े के ढ़ेर सेक्टर की सुंदरता पर ग्रहण साबित हो रहे हैं। ये वही सेक्टर है जहां चंद दिन पूर्व संगम का पवित्र जल लाकर लोगों को महाकुंभ के स्नान की अनुभूति कराई गई थी।

सेक्टर-122 आरडब्ल्यूए के अध्यक्ष डा. उमेश शर्मा ने बताया कि सफाई कर्मचारियों की लापरवाही के कारण सेक्टर की हालत बद से बदतर हो रही है। जगह-जगह गंदगी व कचड़े के ढ़ेर से समूचा माहौल दूषित हो जाता है। ये कचड़े के ढ़ेर स्वच्छ व सुन्दर नोएडा के स्लोगन पर कालिख पोतते प्रतीत हो रहे हैं।

कई सेक्टवासियों ने बताया कि इसी सफाई व्यवस्था के बूते क्या नोएडा स्वच्छता सर्वेक्षण में नंबर-1 स्थान हासिल कर पाएगा। जनस्वास्थ्य विभाग के अधिकारी इस ओर गंभीरता से ध्यान नहीं दे रहे हैं। हाल ही में सेक्टर-12 से भी ऐसी गंदगी के ढ़ेर की शिकायतें मिली थीं। ओएसडी इंदु प्रकाश सिंह ने मौके पर पहुंचकर कचड़े के ढेर हटवाये थे।



## घर से जेवरात-नगदी पर हाथ साफ

**नोएडा ( चेतना मंच )।** थाना सेक्टर-39 क्षेत्र के सदरपुर कॉलोनी में रहने वाले एक व्यक्ति के घर पर चोरों ने चोरी की घटना को अंजाम दिया। चोर घर से जेवरात, नगदी आदि चोरी कर ले गए। घटना के समय परिजन मिर्जापुर स्थित विंध्याचल मंदिर में दर्शन के लिए गए थे।

सदरपुर कॉलोनी में रहने वाली आरती देवी ने दर्ज कराई रिपोर्ट में बताया कि 2 फरवरी को वह तथा उसका बेटा आनंद त्रिपाठी मिर्जापुर स्थित विंध्याचल मंदिर में दर्शन के लिए गए थे। शाम के समय उनके पति सेक्टर-14 में सिक्योरिटी गार्ड की ड्यूटी करने के लिए चले गए। सुबह जब वह ड्यूटी खत्म कर घर पहुंचे तो उन्हें ताला टूटा हुआ और सामान बिखरा हुआ मिला। पीड़िता आरती देवी के मुताबिक चोर उनके घर से सोने चांदी के आभूषण ,नगदी व कीमती सामान को चोरी कर ले गए हैं। पीड़िता की शिकायत पर पुलिस ने मामला दर्ज कर लिया है और चोरों की तलाश कर रही है।


RADIANT ACADEMY
(AFFILIATED TO CBSE)
B-180, sector-55, noida Ph: 120-4314312/ 6514636
Mob. : 9350251631/ 9674710772 E-mail: radiantacademynoida@yahoo.com
RADIANT ACADEMY
(J.H.S.) (AFFILIATED TO CBSE)
Sorkha, Sector- 115, noida on Fng Ph: 120- 6495106,
Mob. : 9873314814/ 9674710772 E-mail: radiantacademysorkha@yahoo.com
Let your child Explore the world with us in a Secure Environment!
We are a Co-Educational Medium Senior Secondary School imparting quality education since the last 20 years.
FROM ADMISSION OPEN NURSERY TO CLASS XI Transport Facility Available
FACILITIES AVAILABLE AT SCHOOL : ●Highly Qualified And Trained Faculty well Quipped Labs ●CCTV Controlled Environment ●Activity Based Learning ● Well Equipped Library ●GPS Enable Buses

(हम भीड़ मे दौड़ना नहीं जीतना सिखाते हैं)
कोड 0910011910
सरस्वती ग्लोबल स्कूल
सेक्टर-22, नोएडा 8750611103
*फीस ना के बराबर *निःशुल्क एडमिशन फीस
केवल 10 महीने की मासिक फीस

## राहत की कोशिश

कुछ ही समय पहले संसद में पेश सालाना बजट में सरकार ने आयकर को लेकर राहत की घोषणा की थी। अब एक हफ्ते बाद रिजर्व बैंक ने रेपो रेट कम करके आम आदमी को राहत देने की एक और कोशिश की है। आरबीआई गवर्नर संजय मल्होत्रा ने तीन दिवसीय मौद्रिक नीति समिति की बैठक के बाद रेपो रेट में 25 बेसिस प्वाइंट की कटौती की घोषणा की है। इस तरह अब रेपो रेट 6.5 प्रतिशत से घटकर 6.25 रह गया है। सही मायनों में भारतीय अर्थव्यवस्था की चुनौतियों और बदलते अंतर्राष्ट्रीय परिदृश्य के मद्देनजर केंद्रीय बैंक ने आखिरकार बहुप्रतीक्षित दर में कमी की दिशा में कदम बढ़ाया है। यह पिछले पांच वर्षों में कटौती की दिशा में उठाया गया पहला कदम है। जो आर्थिक विकास और मुद्रास्फीति को संतुलित करने की दिशा में केंद्रीय बैंक के दृष्टिकोण में आए बदलाव का संकेत भी देता है। निश्चित रूप से यह निर्णय ऐसे समय में सामने आया है जब देश की आर्थिक गति धीमी नजर आ रही है। वित्तीय वर्ष 2025-26 के लिये सकल घरेलू उत्पाद की वृद्धि दर का 6.7 फीसदी रहने का अनुमान लगाया जा रहा है। निश्चय ही यह वर्ष 2023-24 में हासिल की गई 8.2 प्रतिशत दर से काफी कम है। अब तक केंद्रीय बैंक मुद्रास्फीति पर अंकुश लगाने के मकसद से रेपो दर में कटौती से बचता रहा है। दरअसल, राजनीतिक नफा-नुकसान की दृष्टि से महंगाई का मुद्दा बेहद संवेदनशील होता है। विपक्ष महंगाई बढ़ने को सतारूढ़ दल की विफलता के रूप में दर्शाने की ताक में रहता है। हालांकि, अभी भी मुद्रास्फीति केंद्रीय बैंक के चार फीसदी के लक्षित मानक स्तर से ऊपर बनी हुई है। लेकिन धीमी पड़ती विकास दर की चुनौती को देखते हुए विकास व मुद्रास्फीति में संतुलन बनाने की कवायद की गई है। हालांकि, आरबीआई के गवर्नर संजय मल्होत्रा ने अपनी पहली नीतिगत समीक्षा में लंबे समय तक दर कटौती चक्र की अटकलों को खारिज किया है। बहरहाल, देश के उद्योग जगत की हस्तियों ने रेपो दर में कटौती का स्वागत किया है। इसके बावजूद ऋण लेने की लागत पर इसके प्रभाव को लेकर अनिश्चितता बनी हुई है। हालांकि, कुछ आर्थिक मामलों के जानकार मानते हैं कि रेपो दर में कटौती बेहद कम है और इसका लाभ देर से मिलेगा। इसकी मूल वजह यह भी है कि बैंक, पहले से ही नकदी तरलता की कमी का सामना कर रहे हैं। संभव है कि बैंक लोन लेने वालों को तुरंत लाभ न दें। वैसे रेपो दर में कटौती के बाद उपभोक्ताओं के ऋण की ईएमआई कम होने की उम्मीद तो जगी है। इसके अलावा केंद्रीय बैंक ने मौद्रिक नीति से परे वित्तीय लेनदेन में साइबर सुरक्षा बढ़ाने के उपाय भी किए हैं। जिसमें बैंकों व गैर बैंकिंग वित्तीय संस्थानों के लिये अलग डोमेन की जरूरत को महसूस किया गया है। दरअसल,इसका मकसद डिजिटल धोखाधड़ी पर अंकुश लगाने और ऑनलाइन बैंकिंग में उपभोक्ताओं का विश्वास बढ़ाना है। निश्चित ही लगातार बढ़ते साइबर अपराधों को देखते हुए यह अतिरिक्त सुरक्षा उपाय स्वागत योग्य ही है। इसके अलावा आरबीआई गवर्नर संजय मल्होत्रा ने एक अप्रैल से लागू होने वाले प्रस्तावित कड़े बैंकिंग मानदंडों को स्थगित करने की बात कही है। जो उनके पूर्ववर्ती की तुलना में अधिक लचीले नियामक रुख का संकेत भी है। निश्चय ही यह कदम बैंकों के ऋण प्रवाह को बाधित किए बिना तरलता और पूंजी आवश्यकताओं के अनुकूलन के लिये अधिक समय प्रदान करता है। आज पूरी दुनिया आर्थिक अनिश्चितताओं के दौर से गुजर रही है। जिसके मूल में अस्थिर ऊर्जा कीमतें और ट्रंप के सत्ता में आने के बाद अमेरिका की आक्रामक मौद्रिक नीतियां हैं, जो नये जोखिम पैदा करती हैं। फिलहाल आरबीआई का सतर्क बदलाव वित्तीय स्थिरता को मुश्किल में डाले बिना विकास को गति देने के प्रयास को ही दर्शाता है। वहीं दूसरी ओर आम आदमी की आकांक्षा है कि उसे सस्ता होम व कार लोन मिले। जो ऋण लिया गया है उसकी ईएमआई कम हो तथा ऋण मुक्ति की अवधि कम हो सके। बहरहाल, मध्यवर्ग क्लास फील गुड की मनोदशा में है।

## रामचरित मानस

**कल के अंक में आपने पढ़ा था कि हर्ष, शोक, ज्ञान, अज्ञान, अहंता और अभिमान- ये सब जीव के धर्म हैं। श्री रामचन्द्रजी तो व्यापक ब्रह्म, परमानन्दस्वरूप, परात्पर प्रभु और पुराण पुरुष हैं। इस बात को सारा जगत जानता है॥ उससे आगे का वर्णन क्रमानुसार प्रस्तुत है।**

**दो0-पुरुष प्रसिद्ध प्रकाश निधि प्रगट परावर नाथ।**
**रघुकुलमनि मम स्वामि सोइ कहि सिवँ नायउ माथ॥**

जो (पुराण) पुरुष प्रसिद्ध हैं, प्रकाश के भंडार हैं, सब रूपों में प्रकट हैं, जीव, माया और जगत सबके स्वामी हैं, वे ही रघुकुल मणि श्री रामचन्द्रजी मेरे स्वामी हैं- ऐसा कहकर शिवजी ने उनको मस्तक नवाया॥

**निज भ्रम नहिं समुझहिं अग्यानी। प्रभु पर मोह धरहिं जड़ प्रानी॥**
**जथा गगन घन पटल निहारी। झाँपेउ भानु कहहिं कुबिचारी॥**

अज्ञानी मनुष्य अपने भ्रम को तो समझते नहीं और वे मूर्ख प्रभु श्री रामचन्द्रजी पर उसका आरोप करते हैं, जैसे आकाश में बादलों का परदा देखकर कुविचारी (अज्ञानी) लोग कहते हैं कि बादलों ने सूर्य को ढँक लिया॥

**चितव जो लोचन अंगुलि लाएँ। प्रगट जुगल ससि तेहि के भाएँ॥**
**उमा राम बिषइक अस मोहा। नभ तम धूम धूरि जिमि सोहा॥**

जो मनुष्य आँख में अँगुली लगाकर देखता है, उसके लिए तो दो चन्द्रमा प्रकट (प्रत्यक्ष) हैं। हे पार्वती! श्री रामचन्द्रजी के विषय में इस प्रकार मोह की कल्पना करना वैसा ही है, जैसा आकाश में अंधकार, धुएँ और धूल का सोहना (दिखना)। (आकाश जैसे निर्मल और निर्लेप है, उसको कोई मलिन या स्पर्श नहीं कर सकता, इसी प्रकार भगवान श्री रामचन्द्रजी नित्य निर्मल और निर्लेप हैं।)॥

**(क्रमशः... )**

# दिल्ली में भाजपा ने जीत की नई इबारत लिखी

दिल्ली में भारतीय जनता पार्टी विधानसभा चुनाव में ऐतिहासिक जीत दर्ज करते हुए न केवल 27 साल के वनवास को खत्म करने में कामयाब हुई है बल्कि देश की राजधानी को एक नया विश्वास, नया जोश एवं गुड गर्वनेंस का भरोसा दिलाने को तत्पर हो रही है। निश्चित ही चुनाव मोदी के नाम पर लड़े गये और दिल्ली की जनता ने मोदी पर भरोसा जताया है। एक बार फिर मोदी का जादू चला एवं उनके करिश्माई राजनीतिक व्यक्तित्व ने नया इतिहास रचा है। दिल्ली में भाजपा ने जीत की नई इबारत लिखी है। दिल्ली में 11 साल के बाद डबल इंजन की सरकार बनने से दिल्ली की बुनियादी समस्याओं का हल होते हुए दिख रहा है, बल्कि दिल्ली के विकास की नई गाथा लिखे जाने की शुभ शुरुआत हो रही है। अब दिल्ली में न केवल वायु प्रदूषण दूर होगा, बल्कि यमुना नदी का प्रदूषण दूर करते हुए उसका कायाकल्प किया जायेगा। चुनाव परिणामों में आम आदमी पार्टी चुनाव को जिस तरह की हार का सामना करना पड़ा है उससे आप सिर्फ सत्ता से ही बेदखल नहीं हो रही बल्कि आप एवं केजरीवाल के राजनीतिक जीवन पर भी ग्रहण लगता हुआ दिखाई दे रही है। कांग्रेस के लिये भी अपनी राजनीतिक जमीन बचाने एवं सत्ता में वापसी का सपना बूरी तरह पस्त हो गया है।

दिल्ली की लगभग सभी सीटों पर मतदाताओं ने सुशासन, भ्रष्टाचार मुक्ति, विकास एवं मुक्त की सुविधाओं के नाम पर वोट डाले हैं। दिल्ली में मुस्लिम बहुल इलाके हों, गांधी नगर जैसे कारोबारी क्षेत्र हों या फिर पूर्वी दिल्ली का पटपड़गंज हो, या मुस्तफाबाद जैसे पिछड़े इलाके सभी जगहों पर आप को करारा झटका लगा है। हिन्दुत्व की ताकत, राष्ट्रीय स्वयंसेवक एवं भाजपा की सुनियोजित चुनाव रणनीति ने भाजपा को जीत दिलाने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई है। मोदी-शाह की जोड़ी ने करिश्मा कर दिखाया है। आप एवं कांग्रेस के दिग्गज नेताओं की हार ने तय किया कि राजनीति में राजशाही सोच, अहंकार एवं बड़बोलापन कामयाब नहीं है। दिल्ली के विकास मॉडल को पूरे देश में केजरीवाल सर्वश्रेष्ठ बताते रहे हैं, उसी दिल्ली की दुर्दशा, उससे जुड़े झूठे बयानों एवं तथ्यों के कारण आप हारी है।. इस तरह केजरीवाल की राजनीति पर मतदाताओं ने सवालिया निशाने लगा दिये हैं। केजरीवाल के लिये इन चुनाव परिणाम के बाद संकट के पहाड़ खड़े होने वाले है।

जिस अन्ना आंदोलन से अरविंद केजरीवाल का नाम पूरे देश में सामने आया। केजरीवाल ने उन्हीं अन्ना को नकार दिया था। दिल्ली चुनाव के रुझानों पर अन्ना हजारे ने कहा कि मैं बार-बार बताता गया, लेकिन उनके दिमाग में नहीं आया और वे शराब को ले आए। शराब यानी धन-दौलत से वास्ता हो गया। अन्ना ने कहा कि चुनाव लड़ते समय उम्मीदवार को आचार शुद्ध होना, विचार शुद्ध होना, जीवन निष्कलंक और त्याग होना जरूरी है। अगर ये गुण उम्मीदवार में हैं तो मतदाताओं को उन पर विश्वास होता है। लेकिन केजरीवाल एवं आप के उम्मीदवारों में ये गुण दूर-दूर तक दिखाई नहीं देते हैं, यही आप की करारी हार का कारण बना है। झारखंड के मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन और दिल्ली के पूर्व मुख्यमंत्री केजरीवाल



**जिस अन्ना आंदोलन से अरविंद केजरीवाल का नाम पूरे देश में सामने आया। केजरीवाल ने उन्हीं अन्ना को नकार दिया था। दिल्ली चुनाव के रुझानों पर अन्ना हजारे ने कहा कि मैं बार-बार बताता गया, लेकिन उनके दिमाग में नहीं आया और वे शराब को ले आए।**

की परिस्थितियों में बड़ी समानता रही हैं, पर हेमंत की तरह केजरीवाल दिल्ली की जनता का दिल जीतने में नाकामयाब रहे। दिल्ली में आप की हार केजरीवाल के लिए एक बड़ा व्यक्तिगत झटका है, जिससे राजनीति में उनके भविष्य को लेकर सवाल उठने लगे हैं। दिल्ली का असर पंजाब की सियासत पर भी पड़ेगा। इसके अलावा राष्ट्रीय स्तर पर पार्टी के विस्तार को लेकर अरविंद केजरीवाल की योजना धुंधली पड़ जायेगी। इंडिया गठबंधन के जो दल कांग्रेस के बजाय आम आदमी पार्टी के साथ खड़े थे, वो फिर से दूरी बनाते नजर आएंगे।

इन चुनाव परिणामों ने कांग्रेस को भी आइना दिखा दिया है। उसने जिस तरह से भारत की 'सर्वजन हिताय सर्वजन सुखाय' की भावना को दबाया, सनातन परंपरा को दबाया एवं मोदी विरोध के नाम पर देश-विरोध पर उतर आयी, यही मूल्यहीन राजनीति उसकी हार का कारण बनी। अनेक वर्षों तक दिल्ली पर राज करने वाली कांग्रेस सत्ता में वापस आने के लिए इतनी बेचैन दिखाई दी कि वो हर दिन नफरत, द्वेष एवं घृणा की राजनीति करती रही है। कांग्रेस सांप्रदायिकता और जातिवाद के विष को दिल्ली चुनाव में भी उडेला। हिंदू समाज को तोड़ना और उसे अपनी जीत का फॉर्मूला बनाना ही कांग्रेस की राजनीति का आधार बना और यही उसको रसातल में ले जाने का बड़ा कारण बना है। कांग्रेस की जातिगत जणगणना की मांग भी उसकी विभाजनकारी नीति को ही दर्शाती रही है, जो उसके हार को सुनिश्चित करने का बड़ा कारण बना। एक राष्ट्रीय दल, सबसे पुराना दल, पांच दशकों तक देश पर शासन करने एवं दिल्ली में लगातार तीन बार सत्ता में रहने वाले दल को एक-दो सीटों पर ही उसकी जीत होना उसकी हास्यास्पद एवं लगातार कमजोर होने की स्थितियों को ही दर्शा रहा है।

दिल्ली में कांग्रेस के तेवरों से साफ है कि मोदी को तीसरी बार प्रधानमंत्री बनने से रोकने में नाकामी के बाद उसने शायद अपने पुनरुत्थान के लिये दिल्ली के चुनाव को आधार बना लिया था, इसमें कोई बुराई नहीं, पर यह काम आसान नहीं रहा, कांग्रेस के सपने टूट कर बिखर गये। कांग्रेस की दिल्ली में दुर्दशा ने लगभग तय कर दिया है कि मतदाता की नजरों में उसकी क्या अहमियत है? कांग्रेस ने न केवल खुद को बल्कि इंडिया गठबंधन को भी जर्जर बना दिया है। यह एक पुरानी कहावत है कि देश जैसी सरकार के योग्य होता है, वैसी ही सरकार उसे प्राप्त होती है।' दिल्ली में भी ऐसी ही सरकार बनने जा रही है, जो दिल्ली के हितों को प्राथमिकता देगी। दिल्ली में बीजेपी की जीत हुई, वह अधिक मजबूत होकर उभरी है, मोदी एवं भाजपा के प्रति जनता का विश्वास बढ़ा है। इसका असर बिहार के चुनाव में भी सकारात्मक होता हुआ दिख रहा है। राजशाही के विपरीत लोकतन्त्र में जनता के पास ही उसके एक वोट की ताकत के भरोसे सरकार बनाने की चाबी रहती है और ऐसा दिल्ली में होता हुआ दिखा है। दरअसल, जनता के हाथ की इस चाबी को अपने पक्ष में घुमाने एवं जीत का ताला खोलने के लिये यह मुफ्त की संस्कृति, विभाजनकारी राजनीति एवं सनातन-विरोधी स्वर ने आप एवं कांग्रेस को औंधे मुंह गिरा दिया है, इस गिरावट से उभरने की संभावनाएं भी दोनों दलों के लिये एक बड़ी चुनौती है।

दिल्ली के चुनाव एक महायुद्ध था, जो कितने ही मुद्दों को अपने में समेटे हुए रहा। यह अनेक नेताओं एवं दलों के अस्तित्व को बचाने का भी महासंग्राम था। चुनाव में जब सेवा-सुशासन का मूल उद्देश्य गायब हो जाता है, केवल दलगत स्वार्थ और सत्ता प्राप्ति की होड़ मुख्य हो जाती है तब दिल्ली जैसे अप्रत्याशित परिणाम ही सामने आते हैं। राजनीति में केजरीवाली प्रवृत्ति एक नई संस्कृति का स्थान लेती रही है, जिसने हमारे सभी नैतिक मूल्यों को तार-तार कर दिया था, बहुत चर्चा होती रही है कि दिल्ली के विकास में अनेक सुराख हो गये हैं, लोगों का सांस लेना दुश्वार हो रहा था तो यमुना प्रदूषित हो गयी थी, सड़के खड्डो में तब्दील हुई तो चिकित्सा-शिक्षा व्यवस्था चरमराई। इसलिए दिल्ली के जीवन को खतरा था। दिल्ली में ऐसे सुराख (ब्लैक होल) हो गये थे, जहां नेता पाप करके छुपते रहे हैं। आप नेताओं के दिमाग में सुराख ही सुराख हो गये थे, जिससे मवाद टपकता दिखाई देता था। ये सब स्थितियां दिल्ली को अच्छे भविष्य की ओर नहीं ले जा रही थी, दिल्ली जब कीचड़ में थी, तब आप एवं उसके नेता एक कदम आगे बढ़ने के प्रयास में दो कदम पीछे फिसलते रहे। स्थितियों की इसी विपरीतता ने दिल्ली की जनता को जगाया, एक-एक व्यक्ति दिल्ली के व्यापक हित को अपने हित से ऊपर समझते हुए भाजपा को जीत का सेहरा बांधा है। निश्चित ही दिल्ली में नये सूरज का अवतरण हुआ है, और उसका भविष्य शुभ एवं श्रेयस्कर दिखाई दे रहा है।

**- ललित गर्ग**
**लेखक, पत्रकार एवं स्तंभकार**

## कोटा से मिटाने होंगे आत्महत्याओं के दाग

वीराजस्थान का कोटा शहर जितना शैक्षणिक संस्थाओं के लिए प्रसिद्ध है। अब उतना ही यहां के कोचिंग संस्थानों में पढ़ने वाले छात्रों द्वारा की जाने वाली आत्महत्याओं के कारण देश भर में बदनाम हो रहा है। हालांकि कोटा में छात्र आत्महत्याओं के मामले यहां पर कोचिंग लेने वाले छात्रों की संख्या की तुलना में बहुत कम है। मगर यहां पढ़ने वाले छात्रों द्वारा लगातार की जा रही आत्महत्याओं की दुखद घटनाओं को भी नकारा नहीं जा सकता है। पिछले जनवरी माह में ही कोटा में 6 विद्यार्थियों ने आत्महत्या कर अपनी जीवन लीला समाप्त कर ली थी। इसी साल 8 जनवरी को हरियाणा के महेंद्रगढ़ निवासी छात्र नीरज, 9 जनवरी को गुना मध्य प्रदेश के अभिषेक लोधा, 15 जनवरी को उड़ीसा के अभिजीत गिरी, 18 जनवरी को बूंदी जिले के मनन जैन, 22 जनवरी को अहमदाबाद गुजरात की अफ्शा शेख और 22 जनवरी को ही नौगांव असम के छात्र पराग ने आत्महत्या कर ली थी। इनमें से पांच छात्र इंजीनियरिंग की व एक छात्रा नीट की तैयारी कर रही थी।

कोचिंग के बड़े केंद्र कोटा में पढ़ने वाले छात्रों द्वारा की जा रही आत्महत्याओं की घटनाएं शहर के दामन पर दाग लगा रही है। कोटा में 2015 से लेकर अब तक 138 छात्रों ने आत्महत्या कर अपने जीवन लीला समाप्त कर चुके हैं। यहां 2015 में 18, 2016 में 17, 2017 में 7, 2018 में 20, 2019 में 18, 2020 में 4, 2021 में एक, 2022 में 15, 2023 में 26, 2024 में 16 व 2025 में अब तक छह छात्र आत्महत्या कर अपनी जान गंवा चुके हैं। 2020 व 2021 में कोविड के चलते यहां के कोचिंग संस्थाओं के बंद रहने के कारण आत्महत्याओं के आंकड़ों में गिरावट रही थी। कोटा में कोचिंग संस्थानों में पढ़ाई करने वाले छात्रों द्वारा लगातार की जा रही आत्महत्या की घटनाओं से पूरा देश सकते में है। सरकार व प्रशासन द्वारा लाख प्रयासों के उपरांत भी कोटा के छात्रों द्वारा आत्महत्या करने की घटनाएं नहीं रूक पा रही है।

कोटा कभी राजस्थान का बड़ा औद्योगिक नगर होता था। मगर श्रमिक आंदोलनो के चलते यहां के उद्योग धंधे बंद होते गए। आज कोटा में नाम मात्र के ही उद्योग रह गए हैं। 1990 के दौरान कोटा शहर में कोचिंग संस्थान खुलने लगे थे। 2005 तक यहां बड़ी संख्या में कोचिंग संस्थान स्थापित हो गए जिनमें प्रतिवर्ष लाखों छात्र पढ़ने लगे। आज कोटा शहर की पूरी अर्थव्यवस्था इन कोचिंग संस्थानों पर ही निर्भर है। शहर के हर चौक-चौराहों पर छात्रों की सफलता से अटे पड़े बड़े-बड़े होर्डिंग्स बताते हैं कि अब कोटा में कोचिंग ही सब कुछ है।

यह सही है कि कोटा में सफलता की दर तीस प्रतिशत से उपर रहती है। देश के इंजीनियरिंग और मेडिकल के प्रतियोगी परीक्षाओं में टाप टेन में पांच छात्र कोटा के रहते हैं। मगर उसके साथ ही कोटा में एक बड़ी संख्या उन छात्रों की भी है जो असफल हो जाते हैं। एक अनुमान के मुताबिक कोटा के कोचिंग मार्केट का सालाना आठ से दस हजार करोड़ का टर्नओवर है। कोचिंग सेन्टरों द्वारा सरकार को सालाना 800 करोड़ रूपये से अधिक टैक्स के तौर पर दिया जाता है।

कोटा शहर देश में कोचिंग का सबसे बड़ा केन्द्र बन चुका है। यहां प्रतिवर्ष लाखों छात्र कोचिंग करने के लिए आते हैं। जिससे कोचिंग संचालकों को सालाना कई हजार करोड़ रुपए की आय होती है। हालांकि कोटा आने वाले सभी छात्र मेडिकल व इंजीनियरिंग परीक्षा में सफल नहीं होते हैं। मगर देश की शीर्षस्थ मेडिकल व इंजीनियरिंग संस्थानों में चयनित होने वाले छात्रों में कोटा के छात्रों की संख्या काफी होती है। इसी कारण अभिभावक अपने बच्चों को कोचिंग के लिए कोटा भेजते हैं।

कोटा में छात्रों द्वारा आत्महत्या करने का मुख्य कारण छात्रों पर पढ़ाई करने के लिए पड़ने वाला मनोवैज्ञानिक दबाव को माना जा रहा है। कोटा में कोचिंग लेने वाले छात्रों को प्रतिवर्ष लाखों रुपए खर्च करने पड़ते हैं। बहुत से छात्रों के अभिभावकों की स्थिति इतना खर्च वहन करने की नहीं होती है। यहां पढ़ने वाले छात्रों में अधिकांश मध्यम वर्गीय परिवारों से होते हैं। उनके अभिभावक आर्थिक रूप से अधिक सक्षम नहीं होते हैं। अपने बच्चों को उच्च शिक्षा दिलवाने के लिए वह लोग विभिन्न स्तरों पर पैसों की व्यवस्था कर बच्चों को कोचिंग के लिए कोटा भेजते हैं।

कोटा आने वाले छात्रों को पता है कि उनके अभिभावकों ने कितनी मुश्किल से कोचिंग लेने के लिए उन्हें कोटा भेजा है। ऐसे में यदि वह सफल नहीं होंगे तो उनके अभिभावक जिंदगी भर कर्ज में दबे रह जाएंगे। यही सोचकर छात्र हमेशा मनोवैज्ञानिक दबाव महसूस करता रहता है। इसके अलावा यहां पढ़ने वाले छात्रों पर पढ़ाई का भी बहुत अधिक दबाव रहता है। यहां के कोचिंग संस्थानो में कई शिफ्टों में अलग-अलग बैच में पढ़ाई होती हैं। कोचिंग संस्थान भी अच्छा परिणाम दिखाने के चक्कर में छात्रों को मशीन बनाकर रख देते हैं। छात्रों पर हर दिन पढ़ाई का दबाव बना रहता है तथा साप्ताहिक टेस्ट पास करने के चक्कर में छात्र दिन-रात पढ़ाई करते रहतें हैं। जिससे ना तो उनकी नींद पूरी हो पाती है ना ही वह मानसिक रूप से आराम कर पाते हैं। ऐसे में छात्र जल्दी उठकर कोचिंग संस्थान में जाकर पढ़ाई करने व दिनभर पढ़ाई में व्यस्त रहने के कारण वह तनाव में आ जाता है। इससे कई छात्र पढ़ाई में पिछड़ने के डर से आत्महत्या जैसा कदम उठा लेते हैं।

**-रमेश सर्राफ धमोरा**

## राशिफल

**माघ शुक्ल पक्ष त्रयोदशी** | **(विक्रम संवत् 2081)**

**मेष- (चू, चे, चो, ला, ली, लू, ले, लो, अ)**
स्वास्थ्य थोड़ी सी नरमाहट रहेगी। प्रेम और संतान की स्थिति काफी अच्छी है। राजनीतिक लाभ मिल रहा है।

**वृष- (ई, उ, ए, ओ, वा, वी, वू, वे , वो)**
धन हानि के संकेत हैं। इसलिए निवेश मत करिएगा अभी। स्वास्थ्य थोड़ा मध्यम है।

**मिथुन- (का, की, कु, घ, ङ , छ, के, हो, हा)**
ओजस्वी तेजस्वी बने रहेंगे। जरूरत के हिसाब से वस्तुएं जीवन में उपलब्ध होंगी।

**कर्क- (ही, हू, हे, हो, डा, डी, डू, डे, डा)**
स्वास्थ्य में शनै शनै थोड़ी सी अच्छी स्थिति आने लगेगी। प्रेम संतान अभी भी मध्यम है।

**सिंह- (मा, मी, मु, मे, मो, टा, टी, टु, टे)**
शुभ समाचार की प्राप्ति, यात्रा का योग बनेगा। स्वास्थ्य थोड़ा माध्यम है। प्रेम, संतान की स्थिति अच्छी है।

**कन्या- (टो, पा, पी, पू, ष, ण, ठ, पे, पो)**
व्यापारिक स्थिति सुदृढ़ होगी और आर्थिक स्थिति मजबूत होगी। स्वास्थ्य बेहतर। प्रेम, संतान अच्छा।

**तुला- (रा, री, रु, रे, रो, ता, ती, तू, त)**
भाग्य साथ देगा। रोजी रोजगार में तरक्की करेंगे। व्यापारिक सफलता मिलेगी। स्वास्थ्य मध्यम है।

**वृश्चिक- (तो, ना, नी, नु, ने, नो, या, यी, यू)**
सायं काल तक जोखिम भरा समय रहेगा। इसके बाद अच्छा होने लगेगा। स्वास्थ्य मध्यम।

**धनु- (ये, यो, भा, भी, भू, धा, फा, ठा, भे)**
महत्वपूर्ण कार्यों को सायं काल से पहले निपटा लें। इसके बाद थोड़ा मध्यम समय हो जाएगा। बाकी स्वास्थ्य ठीक है।

**मकर- (भो,जा,जी,जू,जे,जो,खा,खी,खू,खे,गा,गी)**
डिस्टर्बिंग टाइम से आनंद की तरफ बढ़ेंगे। स्वास्थ्य नरम गरम फिर बहुत अच्छा हो जाएगा। प्रेम, संतान मध्यम।

**कुम्भ- (गू, गे, गो, सा, सी, सु, से, षो, द)**
डिस्टर्बिंग टाइम रहेगा, कभी इमोशनल हो करके कभी शत्रुओं के साथ। बाकी स्वास्थ्य थोड़ा मध्यम।

**मीन- (दी, दु, झ, ध, दे, दो, च, चा, चि)**
लिखने पढ़ने में समय व्यतीत करें। भावुकता पर काबू रखें। स्वास्थ्य मध्यम, प्रेम संतान मध्यम। व्यापार अच्छा।

# 'दिल्ली व मिल्कीपुर की प्रचंड जीत में ओबीसी वर्ग का प्रमुख योगदान'





**नोएडा (चेतना मंच)।** दिल्ली विधानसभा चुनाव तथा उत्तर प्रदेश के मिल्कीपुर विधानसभा के उपचुनाव में भारतीय जनता पार्टी को मिली प्रचंड जीत में ओबीसी वर्ग की भूमिका प्रमुख तौर पर रही है। इस जीत का पूरा श्रेय देश के प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी तथा उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ तथा मतदाताओं को जाता है। उनकी विकास मूलक सोच तथा कार्यों के कारण ही जनता में भाजपा के प्रति अटूट विश्वास बढ़ा है।

भाजपा ओबीसी मोर्चा के जिला उपाध्यक्ष तथा राष्ट्रीय पिछड़ा वर्ग आयोग के उपाध्यक्ष व दर्जा प्राप्त केंद्रीय मंत्री डॉ लोकेश प्रजापति के नोएडा कैंप कार्यालय प्रभारी जयप्रकाश प्रजापति ने यह बात कही।

उन्होंने कहा कि ओबीसी वर्ग द्वारा एकजुट होकर भाजपा के पक्ष में वोट डालने के कारण जहां मिल्कीपुर में भाजपा प्रत्याशी ने सपा प्रत्याशी को करीब 62000 के अंतर से पराजित किया। वहीं दिल्ली में भी भाजपा ने आम आदमी पार्टी में झाड़ू लगाकर 48 सीटें लाने में कामयाब रही। इस जीत में भाजपा के हर पदाधिकारी व कार्यकर्ता का पूरा योगदान रहा।



नोएडा स्टेडियम में चल रही दिव्य श्री राम कथा के मर्मज्ञ कथा व्यास विजय कौशल अग्रवाल मित्र मंडल के पूर्व अध्यक्ष संजय कुमार गोयल के सुपुत्र तथा भाजपा युवा मोर्चा नोएडा महानगर के जिला महामंत्री तुषार गोयल को प्रभु श्री राम की प्रतिमा भेंट करते हुए।

## नोएडा पुलिस ने चलाया साइबर अपराध जागरूकता अभियान






**नोएडा (चेतना मंच)।** नोएडा पुलिस कमिश्नरेट के निर्देशानुसार डीसीपी साइबर अपराध द्वारा 'साइबर शील्ड' कार्यक्रम के अंतर्गत JITO Professional Forum में मुख्य अतिथि के रूप में प्रतिभाग किया गया। इस अवसर पर उपस्थित लोगों को साइबर फ्रॉड व साइबर अपराधों से बचाव के तरीकों के बारे में जानकारी देकर जागरूक किया गया।

कार्यक्रम में साइबर सुरक्षा से संबंधित महत्वपूर्ण विषयों पर चर्चा की गई, जिसमें ऑनलाइन फ्रॉड, फिशिंग, डिजिटल सुरक्षा उपायों के बारे में जानकारी दी गई। नोएडा पुलिस द्वारा आम नागरिकों से साइबर अपराध से सतर्क रहने और किसी भी संदिग्ध गतिविधि की सूचना तुरंत पुलिस को देने की अपील की गई।

## नोएडा पुलिस ने किया बैंक और एटीएम की सुरक्षा व्यवस्था का निरीक्षण







नोएडा (चेतना मंच)। सीपी के निर्देशन एवं डीसीपी के पर्यवेक्षण में थाना एक्सप्रेस वे पुलिस ने सुरक्षा व्यवस्था को मजबूत करने के उद्देश्य से बैंक/एटीएम की ड्यूटी का निरीक्षण किया गया। इस दौरान संबंधित अधिकारियों को आवश्यक दिशा-निर्देश दिए गए तथा आसपास के क्षेत्रों में संदिग्ध व्यक्तियों और वाहनों की चेकिंग की गई।

नोएडा पुलिस आम नागरिकों की सुरक्षा सुनिश्चित करने के लिए निरंतर गश्त और निगरानी कर रही है। साथ ही, बैंक और एटीएम के आसपास संदिग्ध गतिविधियों पर कड़ी नजर रखी जा रही है, जिससे कोई भी असामाजिक तत्व आपराधिक घटनाओं को अंजाम न दे सके।

## पृष्ठ एक के शेष....

**चुनौतियों से...**

इससे बचने के लिए मन में कोई बात ना रखें. अपनी बातें सबसे खुलकर करें। घर में सभी से बात करें।

**मन को शांत रखना जरूरी**

एग्जाम में मन को कैसे शांत रखें इस पर पीएम ने कहा कि इसका मतलब यह हुआ कि आप खुदको नहीं जानते हैं. सब बच्चे ऐसे ही बात करते हैं कि यार कल पढ़ा नहीं पाया। कल मूड ठीक नहीं था। अगर ऐसा बोलेंगे बार-बार तो मन स्थित कैसे रहेगा. जो कर रहे हैं उसी पर ध्यान दें.

**टाइमटेबल बेहद जरूरी- पीएम मोदी**

पीएम ने आगे कहा कि हर छात्र के पास 24 घंटे हैं. कुछ लोग इतने में बहुच अच्छा काम कर रहे हैं. कुछ लोगों को लगता है कि कुछ हुआ ही नहीं. इसका कारण है मेनेजमेंट ना होना। उनको नहीं पता कि समय का उपयोग कैसे करना है. सबसे पहले समय पर सोचना है कि. मैं अपने समय का अच्छा उपयोग कैसे करूं. कागज पर अपना टाइमटेबल लिख लीजिए कि कल ये काम करने हैं और अगले दिन फिर मार्क कीजिए कि काम हुआ या नहीं.

**लिखने पर जोर दें- पीएम मोदी**

पीएम ने कहा कि सामने वाले को गलती ठीक करने से पहले उसकी अच्छाई के बारे में बताइए. अगर आप डायरेक्ट बोलोंगे तो उसे लगेगा कि सिर्फ मुझे ही क्यों कहा. पीएम ने कहा कि कोई भी उम्र क्यों ना हो, हमेशा लिखने की आदत होनी चाहिए. दैसे कविताएं लिखने वाली अपने विचारों को बांधते हैं. जैसे टीचर्स एग्जाम से पहले प्रश्न और उत्तर लिखवाते हैं. इसी तरह. टीचर का काम है बच्चे की ताकत को पहचानना.

**किताबी कीड़ा बनने पर क्या बोले पीएम मोदी ?**

पीएम मोदी ने कहा कि किताबी कीड़ा नहीं बनना चाहिए लेकिन ज्ञान प्राप्त करने से पीछे नहीं हटना चाहिए. हमेशा कुछ ना कुछ सीखते रहना चाहिए.

**छात्रों को खुला आसमान चाहिए- पीएम मोदी**

पीएम मोदी ने कहा कि पढ़ाई के साथ-साथ थोड़ा रिलेक्स होने की भी जरूरत है. इसके लिए माता-पिता को समझाए कि रोबोट की तरह नहीं जी सकते, हम इंसान है. हम अपने विकास के लिए पढ़ाई करते हैं. शिशु मंदिर में आपको लगा होगा कि मैं मेहनत क्यों कर रहा हूं. इसलिए मैं कहता हूं कि बच्चों को दीवारों और किताबों में बंद करेंगे तो बच्चे की ग्रो नहीं कर सकते हैं. उन्हें खुला आसमान चाहिए. अपने पसंद की चीजें करनी चाहिए.

**पीएम ने दी किसानों की डाइट लेनी की सलाह**

पीएम मोदी ने परीक्षा पे चर्चा में छात्रों को सेहत पर टिप्स देते हुए किसानों का जिक्र किया. पीएम मोदी ने कहा कि खाना किसानों की तरह खाना चाहिए. इसे समझाते हुए उन्होंने कहा कि किसान सुबह के वक्त पेटभर के खाना खाते हैं. उन्होंने सेहत पर टिप्स देते हुए किसानों का जिक्र किया. पीएम मोदी ने कहा कि खाना किसानों की तरह खाना चाहिए. इसे समझाते हुए उन्होंने कहा कि किसान सुबह के वक्त पेटभर के खाना खाते हैं. फिर खेत में चले जाते हैं, वहां कुछ हल्का-फुल्का खा लेते हैं फिर सूर्यास्त से पहले घर आकर खाना खाते हैं।

**खुदसे लड़ाई करनी है- पीएम मोदी**

पीएम ने आगे कहा कि छात्रों आपको यह सोचना है कि अगर पिछली बार 30 मार्क्स लाए थे तो इस बार 35 लाने हैं। खुदसे लड़ाई करनी है। धीरे-धीरे अपने मन को स्थिर करना है. आपको खुदका एक उदाहरण सेट करना है.

**एग्जाम का स्ट्रेस नहीं लेना है, बस गोल पर ध्यान देना है- पीएम मोदी**

केरल से आई एक छात्रा ने पीएम से कहा कि उन्होंने हिंदी बहुत अच्छी लगती है। इस पर पीएम ने कहा कि पहले एक कविता सुनाइए. छात्रा ने पूछा कि परीक्षा में अच्छे अंक नहीं आए तो हमारा फ्यूचर अच्छा नहीं होगा। इस पर एक छात्र ने कहा कि जिंदगी में मार्क्स मायने नहीं रखते. पीएम ने कहा कि यह हमारे समाज में घुस गया है कि अगर स्कूल में इतने नंबर नहीं आए तो जिन्दगी तबाह हो जाएगी। इस समय माता-पिता को तो समझा नहीं सकते। इसके लिए अब आपको खुदको तैयार करना है। आपमें से कितने लोग हैं जो क्रिकेट देखते हैं. कभी आउट होता है तो कभी 6 लगता है. ऐसे में बैट्समेन ऑडियंस नहीं बल्कि पूरा ध्यान अपनी बॉल पर रखता है। आपको भी ऐसा नहीं करना करना है। आपको ऑडियंस का प्रेशर नहीं लेना है। हर बार खुदको चुनौती देते रहना चाहिए।

**छात्रों के लिए भरपूर नींद जरूरी- पीएम मोदी**

पीएम ने छात्रों ने कहा कि नींद पूरी आती है या नहीं, इसका भी पोषण से लेना देना है. शरीर की फिटनेस के लिए नींद बहुत जरूरी है. आपको कितने घंटे सोना है, यह जरूरी है. इसके अलावा पीएम ने कहा कि आपमें से कितने लोग हैं जिन्होंने पेड़ के नीचे खड़े होकर गहरी सांस लेने का प्रयास किया है. जीवन में कोई भी प्रगति करनी है इसके लिए पोषण बेहद जरूरी है.

**छात्रों को पीएम की सेहत पर सलाह**

पीएम मोदी परीक्षा पे चर्चा में छात्रों को सेहत का ध्यान रखने के टिप्स दे रहे हैं। उन्होंने कहा कि, कितने लोगों ने पानी पीते समय पानी का भी टेस्ट लिया है। पीएम मोदी ने छात्रों को पानी पीने की सलाह दी है। उन्होंने कहा कैसे खाना, क्या खाना और कब खाना पर ध्यान देना चाहिए।

**36 छात्र पूछेंगे पीएम मोदी से सवाल**

इस साल हर राज्य और केंद्र शासित प्रदेशों से कुल 36 छात्रों का सेलेक्शन किया गया है। इनमें सरकारी स्कूलों, केंद्रीय विद्यालय, सैनिक स्कूल, नवोदय विद्यालय, एकलव्य मॉडल आवासीय विद्यालय और सीबीएसई स्कूलों के छात्र शामिल हैं। ये छात्र प्रधानमंत्री से सीधे संवाद करेंगे और अपनी जिज्ञासाओं के समाधान लेंगे. इस संवाद का उद्देश्य विविधता और समावेशिता को बढ़ावा देना है।

**महाकुंभ में श्रद्धालुओं...**

जिसके चलते उन्हें कई तरह की परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है. जाम में सबसे ज्यादा बुजुर्गों और बच्चों को दिक्कतों का सामना करना पड़ रहा है। आलम यह है कि अगर लोग जाम में फंस जा रहे हैं तो कार और ड्राइवर छोड़कर पैदल ही निकल जा रहे हैं।

संगम में आस्था की पुण्य डुबकी लगाने के लिए मेला क्षेत्र में यात्रियों की भारी भीड़ एकत्रित हो रही है। प्रयागराज जंक्शन पर हर दिन बड़ी संख्या में यात्री पहुंच रहे हैं। जिसके चलते स्टेशन से बाहर आने वाली सड़कों पर सबसे ज्यादा भीड़ देखी जा रही है।

भीड़ को देखते हुए प्रयागराज स्टेशन से ऑटो और ई-रिक्शा को बंद कर दिया गया है। ऐसे में स्टेशन उतरने वाले लोग पैदल ही संगम की तरफ चल दे रहे हैं। संगम जाने के लिए चुंगी के फ्लाईओवर और अलोपीबाग मंदिर, सोहबतियाबाग, बैंक रोड, झूंसी, नैनी, फाफामऊ में भीषण जाम लग गया है. ऐसे में लोगों को 20 मिनट की दूरी तय करने में 3 घंटे से भी ज्यादा का समय लग रहा है।

**राष्ट्रपति ने लगाई ...**

इसके बाद धार्मिक आस्था को और अधिक मजबूती देने के लिए अक्षयवट का दर्शन-पूजन किया। राष्ट्रपति का यह दौरा न केवल प्रयागराज के लिए ऐतिहासिक है, बल्कि देशभर के श्रद्धालुओं के लिए भी एक प्रेरणादायी क्षण है। उनकी उपस्थिति से महाकुंभ के धार्मिक, सांस्कृतिक और आध्यात्मिक महत्व को एक नई ऊंचाई मिल रही है। राष्ट्रपति के दौरे को देखते हुए प्रयागराज में सुरक्षा व्यवस्था चाक-चौबंद कर दी गई है। बता दें कि इससे पहले भारत के प्रथम राष्ट्रपति डॉ.राजेंद्र प्रसाद ने भी महाकुंभ में पावन स्नान किया था।

**FIIT JEE पर बड़ा...**

उक्त खातों में से बैंक द्वारा अभी तक 12 बैंक खातों की जानकारी साझा की गयी है, जिसमें लगभग 11,11,12,987 रूपये का होना पाया गया है। उक्त 12 बैंक खातों में जमा धनराशि कुल 11,11,12,987 रूपये को थाना नॉलेजपार्क व साइबर क्राइम टीम ग्रेटर नोएडा पुलिस द्वारा फ्रीज कराया गया है। अन्य बैंक खातों के बारे में जानकारी कर अग्रिम कार्रवाई की जायेगी।

**मुठभेड़ में दो...**

साथी अभिषेक कुमार उर्फ मोटा भाई पुत्र विजयपाल यादव निवासी ग्राम इलाहाबास को गिरफ्तार कर लिया। इनके पास से चोरी की स्कूटी, तीन तमंचे, कारतूस बरामद हुए। घायल बदमाशों को इलाज के लिए अस्पताल भिजवाया गया है। पुलिस का कहना है कि पकड़े गए बदमाश अर्जुन सिंह, प्रियांशु उर्फ भटिंडा व अभिषेक शातिर किस्म के अपराधी हैं और यह चोरी की घटनाओं को अंजाम देते हैं। पकड़े गए बदमाशों के आपराधिक इतिहास की जानकारी जुटाई जा रही है।

**पीएनबी व स्कूल...**

होने की रिपोर्ट दर्ज कराई है। सर्वेश तिवारी ने बताया कि उसने अपनी हीरो पैशन प्रो बाइक 5 फरवरी को सेक्टर 58 में पंजाब नेशनल बैंक के बाहर खड़ी की थी। कुछ देर बाद वह वापस आया तो उसकी बाइक गायब थी। उसने अपनी बाइक की काफी तलाश की लेकिन कोई पता नहीं चला। वहीं थाना जेवर में कपिल भाटी ने बाइक चोरी की रिपोर्ट दर्ज कराई है। कपिल भाटी ने दर्ज रिपोर्ट में बताया कि वह जेवर एयरपोर्ट पर वायरिंग का काम करता है। 3 जनवरी की सुबह उसने अपनी बाइक ग्राम किशोरपुर के स्कूल के पास खड़ी की और एयरपोर्ट में काम करने चला गया। शाम के समय जब वह वापस आया तो उसकी बाइक गायब थी। पुलिस का कहना है कि पीड़ितों से शिकायत पर मुकदमा दर्ज कर लिया है और चोरों की तलाश की जा रही है।




**नाम-परिवर्तन**

मैं, समशाद पुत्र शमसुल निवासी 92/1484 सेक्टर 9 नोएडा, जिला गौतमबुद्धनगर (उ.प्र.) एतद्द्वारा घोषणा करता हूँ कि स्कूल रिकार्ड में भूल से मेरे पुत्र का नाम जैद कुरेशी लिखा गया जिसे सुधार कर जैद किया जाए। जैद व जैद कुरेशी दोनों ही मेरे बेटे के नाम हैं। इसी तरह स्कूल के रिकार्ड में पिता की जगह चाचा दिलशाद तथा मां की जगह चाची रविया का नाम अंकित हो गया। अब चाचा दिलशाद के स्थान पर सुधार कर जैद के पिता समशाद तथा चाची रविया के स्थान पर मां रजिया का नाम अंकित किया जाए।

**दैनिक चेतना मंच**

भगवान हनुमान बजरंग बली के अवतार श्री बालाजी (मेंहदीपुर) के संरक्षण में संचालित किया जाता है। समाचार-पत्र का यह अंक भी उन्हीं के चरणों में समर्पित है।

डाक पंजी. सं. L-10/GBD-574/99

RNI No. 69950/98

स्वामी मुद्रक प्रकाशक रामपाल सिंह रघुवंशी ने बीएफएल इन्फोटेक लि. सी-9, सेक्टर-3, नोएडा, गौतमबुद्धनगर (यू.पी.) से छपवाकर, ए-131 सेक्टर-83, नोएडा से प्रकाशित किया।

संपादक-रामपाल सिंह रघुवंशी

Contact: 0120-2518100, 4576372, 2518200
Mo.: 9811735566, 8750322340
E-mail:
chetnamanch.pr@gmail.com
raghuvanshirampal365@gmail.com
raghuvanshi_rampal@yahoo.co.in
www.chetnamanch.com

# सड़क दुर्घटना में एक ही परिवार के 3 लोगों की मौत

एजेंसी

**सतना।** मध्य प्रदेश के सतना जिले में मझगवां थाना क्षेत्र अंतर्गत सतना-चित्रकूट स्टेट हाईवे पर शनिवार मध्य रात्रि तेज रफ्तार बोलेरो और पिकअप वाहन के बीच जोरदार भिड़ंत हो गई। हादसे में प्रयागराज महाकुंभ जा रहे एक ही परिवार के तीन सदस्यों की मौत हो गई, जबकि 10 अन्य लोग घायल हुए हैं, जिन्हें अस्पताल में भर्ती किया गया है। मृतकों में मां-बेटे और नाना शामिल हैं।

पुलिस के अनुसार, हादसा सतना-चित्रकूट स्टेट हाईवे पर बड़े हनुमान जी मंदिर के पास शनिवार रात करीब डेढ़ बजे हुआ। मझगवां थाना प्रभारी आदित्य नारायण धुर्वे ने बताया कि बोलेरो वाहन में दमोह के लोग सवार थे, जो प्रयागराज महाकुंभ से चित्रकूट होते हुए वापस लौट रहे थे, जबकि पिकअप वाहन में सवार लोग जबलपुर से प्रयागराज जा रहे थे। हादसे में पिकअप वाहन में सवार तीन लोगों ने मौके पर ही दम तोड़ दिया। सूचना मिलने पर पुलिस मौके पर पहुंची और घायलों को सतना जिला अस्पताल में भर्ती कराया।



उन्होंने बताया कि मृतकों की पहचान मनीषा (31) पत्नी जितेन्द्र पटेल, 11 वर्षीय विवेक पुत्र निवासी ग्राम जुरमनिया, तहसील नई गढ़ी जिला रीवा और महेन्द्र पटेल (52) निवासी जबलपुर के रूप में हुई है। बोलेरो की टक्कर के बाद पिकअप पलट गया और उसमें लदा सामान सड़क पर बिखर गया। इससे ट्रैफिक जाम हो गया। पुलिस ने क्रेन की मदद से पिकअप हटाकर रास्ता साफ कराया। पुलिस ने प्रकरण दर्ज कर लिया है और मामले की जांच की जा रही है।

हादसे में घायल पिकअप चालक जितेंद्र पटेल (30) ने बताया कि वह रीवा में नई गढ़ी तहसील के जुरमनिया गांव में रहता है और ससुराल जबलपुर से पत्नी मनीषा, बेटे विवेक और ससुर महेंद्र पटेल (52) को लेकर कुंभ स्नान करने और वहां फलों की दुकान लगाने के लिए जा रहा था, लेकिन रास्ते में यह हादसा हो गया।

## महाकुंभ स्नान कर लौट रहे 4 श्रद्धालुओं की सड़क हादसे में मौत



**सोनभद्र।** उत्तर प्रदेश में जनपद सोनभद्र के बभनी थाना क्षेत्र स्थित अंबिकापुर वाराणसी मार्ग पर रविवार सुबह बोलेरो और ट्रेलर की टक्कर में चार लोगों की मौत गई और 4 अन्य घायल हैं। पुलिस ने घायलों को अस्पताल पहुंचाया। ये सभी छत्तीसगढ़ के रहने वाले हैं जो महाकुंभ में स्नान के बाद वापस लौट रहे थे।मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने जनपद सोनभद्र में हुए सड़क हादसे का संज्ञान लेते हुए मृतकों के शोक संतप्त परिजनों के प्रति संवेदना व्यक्त की है। साथ ही घायलों के शीघ्र स्वस्थ होने की कामना की है। अपर पुलिस अधीक्षक कालू सिंह ने बताया कि प्रयागराज में महाकुंभ स्नान करके 11 श्रद्धालु एक बोलेरो वाहन में बैठकर अपने घर छत्तीसगढ़ जा रहे थे। बभनी थाना क्षेत्र के दरनखाड़ के पास छत्तीसगढ़ की तरफ से आ रहे ट्रेलर से बोलेरो टकरा गई। टक्कर इतनी तेज थी कि बोलोरो के परखच्चे उड़ गए। हादसे कार सवार चार लोगों की मौत मौके पर हो गई और चार लोग गंभीर रूप से घायल हो गये। तीन लोग सुरक्षित हैं। मौके पर पहुंची पुलिस ने सभी घायलों को अस्पताल भिजवाया। जिन लोगों की दुर्घटना में मृत्यु हुई है उनकी पहचान रायपुर निवासी लक्ष्मी बाई (30), अनिल प्रधान (37) ठाकुर राम यादव (58) और रुक्मिणी यादव (56) के रूप हुई।

# यात्री के पेट से निकले 67 कोकीन कैप्सूल, कीमत 14.94 करोड़

## नई दिल्ली इंदिरा गांधी अंतरराष्ट्रीय एयरपोर्ट पर ड्रग तस्करी के मामले का भंडाफोड़

एजेंसी

**नई दिल्ली।** नई दिल्ली के इंदिरा गांधी अंतरराष्ट्रीय (आईजीआई) एयरपोर्ट पर सीमा शुल्क (कस्टम्स) अधिकारियों ने ड्रग तस्करी के मामले का भंडाफोड़ किया है। यहां अदीस अबाबा (इथियोपिया) से आए केन्याई नागरिक को संदेह के आधार पर रोका गया। पूछताछ में उसने कबूल किया कि उसने कोकीन से भरी 67 कैप्सूल खा रखी है, जिसे भारत में तस्करी के लिए लाया गया था।

जानकारी के मुताबिक कस्टम्स अधिकारियों ने यात्री की गतिविधियों पर संदेह होने पर उसे टर्मिनल-3 पर रोक कर जांच की गई। केन्याई नागरिक को टर्मिनल-3 पर प्रिवेंटिव कस्टम्स ऑफिस ले जाया गया और पूछताछ की। पहले तो वह गुमराह करता रहा, लेकिन गहन पूछताछ के बाद उसने स्वीकार किया कि उसने कोकीन से भरे कैप्सूल निगल रखे हैं। इसके बाद उसे तुरंत अस्पताल भेजा गया। अस्पताल में डॉक्टरों की देखरेख में यात्री के पेट से 67 कैप्सूल निकाले गए। जब इन्हें काटकर देखा गया, तो उनमें 996 ग्राम हाई-प्योरिटी कोकीन मिली। शुरूआती जांच में पुष्टि हुई कि यह कोकीन है। इसकी अंतरराष्ट्रीय बाजार में कीमत करीब 14.94 करोड़ आंकी गई है।



इसकी मात्रा को देखते हुए कहा गया है कि यह बड़े अंतरराष्ट्रीय तस्करी नेटवर्क का हिस्सा था, जो भारत में ड्रग्स लेकर आया था। यात्री को 7 फरवरी को एनडीपीएस एक्ट के तहत तस्करी और प्रतिबंधित सामान रखने के आरोप में गिरफ्तार किया गया है। इसी के साथ जब्त कोकीन को सुरक्षित कर लिया है। ड्रग तस्करी में तस्कर प्लास्टिक या लेटेक्स से बने छोटे कैप्सूल में नशीला पदार्थ भरकर उन्हें निगल लेते हैं, ताकि एयरपोर्ट पर सुरक्षा जांच में पकड़े न जाएं। यह तरीका जानलेवा भी हो सकता है, क्योंकि अगर पेट के अंदर कैप्सूल फट जाए, तो तस्कर की मौत भी हो सकती

## तेज भूकंप के झटकों से मचा हड़कंप

**वॉशिंगटन।** उत्तरी अमेरिका में शनिवार को तेज भूकंप के झटके महसूस किए गए। यूएसडीएस का कहना है कि भूकंप की तीव्रता 7.6 थी। वहीं इसकी गहराई 10 किलोमीटर थी। ऐसे में कैरीबियन सागर में सुनामी की आशंका है। कैरेबियन सागर के किनारे बसे देशों जैसे कि मैक्सिको, क्यूबा, होंडुरास, बेलीज औ? हैती में ये भूकंप के झटके महसूस किए गए। इतने तेज झटकों के बाद इन देशों में हड़कंप मच गया। इससे पहले जर्मन रिसर्च सेंटर ने भूकंप की तीव्रता 6.89 बताई थी। अमेरिका के सुनामी वॉर्निंग सेंटर का कहना है कि यूएस में सुनामी का खतरा नहीं है।इसके बावजूद लोगों को सावधान रहना चाहिए। एजेंसियों की रिपोर्ट के मुताबिक भारतीय समय अनुसार शाम को करीब 6 बजकर 25 मिनट पर भूकंप आया।

## सुरक्षा बलों ने हूती विद्रोहियों के हमलों को किया नाकाम, दो की मौत

एजेंसी

**अदन।** यमन के सरकारी बलों ने देश के तेल समृद्ध प्रांत मारिब को निशाना बनाकर किए गए हूती समूह के कई हमलों को विफल कर दिया। इसमें दो हूती विद्रोही मारे गए और कई अन्य घायल हो गए। एक सैन्य अधिकारी ने यह जानकारी एक एजेंसी को दी। स्थानीय सैन्य अधिकारी ने नाम न जाहिर करने की शर्त पर बताया ?कि पिछले 48 घंटों के दौरान हूती विद्रोहियों ने तेल समृद्ध मारिब प्रांत पर हमले तेज कर दिए थे, जिसके जवाब में सरकारी बलों ने मारिब के कई युद्ध क्षेत्रों में अभियान चलाया। समाचार एजेंसी के अनुसार अधिकारी ने कहा कि सरकारी बलों ने उत्तरी मारिब में राघवान मोर्चे पर हूती आक्रमणों को सफलतापूर्वक विफल कर दिया। इससे हूती विद्रोहियों को पीछे हटने पर मजबूर होना पड़ा। उन्होंने कहा कि हूतियों को तगड़ा नुकसान हुआ है। सरकारी अधिकारी ने हूती विद्रोहियों पर भारी तोपखाने, कत्यूषा रॉकेट, ड्रोन और स्नाइपर्स सहित कई हथियार प्रणालियों का उपयोग करके आक्रामक कार्रवाई जारी रखने का आरोप लगाया। हूती समूह ने मारिब में इन कथित सैन्य घटनाक्रमों पर तुरंत कोई प्रतिक्रिया जारी नहीं की है। यमन के सबसे बड़े तेल क्षेत्रों का घर मारिब प्रांत हाल के वर्षों में तेज लड़ाई का केंद्र बिंदु रहा है। इसमें हूती बलों ने हाल के वर्षों में महत्वपूर्ण बाहरी क्षेत्रों पर नियंत्रण कर लिया है। हालांकि, अप्रैल 2022 में संयुक्त राष्ट्र की मध्यस्थता से छह महीने तक चलने वाले युद्ध विराम के प्रभावी होने के बाद से झड़पों में कमी आई है। हालांकि युद्धविराम आधिकारिक तौर पर अक्टूबर 2022 में समाप्त हो गया।

## इजराइल ने तीन बंधकों के बदले छोड़े 183 फिलिस्तीनी कैदी

एजेंसी

**तेल अवीव।** गाजा ने हमास ने सीजफायर समझौते के तहत शनिवार को 3 इजराइली बंधकों को रिहा किया। इसके बदले में इजराइल ने 183 फिलिस्तीनी कैदियों को रिहा किया। मीडिया रिपोर्ट के मुताबिक इन बंधकों को नाम एली शराबी (52), ओहद बेन अमी (56) और ओर लेवी (34) हैं। हमास ने इन बंधकों को रेडक्रॉस संगठन को सौंप दिया। रेडक्रॉस इन्हें गाजा से इजराइल ले गई। रिहाई के बाद इन तीनों बंधकों की तस्वीरें जारी हुई, जिनमें ये बीमार जैसे नजर आ रही थीं।

हमास द्वारा बंधकों छोड़ने के बाद इजराइल ने 183 फिलिस्तीनी कैदियों को रिहा कर दिया। कतर में 19 जनवरी को हुए सीजफायर डील के तहत यह बंधकों की पांचवीं अदला बदली है। समझौते के प्रभावी होने के बाद से अब तक कुल 16 इजराइली और 5 थाई बंधकों को रिहा किया जा चुका है। बता दें हमास ने 7 अक्टूबर 2023 को हमास के हजारों लड़ाकों ने इजराइल पर हमला कर 1200 लोगों को मार दिया था। इसके साथ 250 से ज्यादा लोगों को बंधक बना लिया था। चंद घंटे बाद ही इजराइली पीएम बेंजामिन नेतन्याहू हमास के खिलाफ जंग का ऐलान कर दिया था।

## प्रतिबंधित याबा गोलियां बरामद, तीन गिरफ्तार

**श्रीभूमि।** असम के सीएम हिमंत बिसवा शर्मा ने कहा कि राज्य के श्रीभूमि जिले में दो अलग-अलग अभियानों में सात करोड़ रुपए मूल्य की प्रतिबंधित याबा गोलियां बरामद की गई हैं और इस संबंध में तीन लोगों को गिरफ्तार किया है। सीएम ने बताया कि पुलिस ने अभियान के दौरान जिले के पुवामारा क्षेत्र में 50 हजार याबा गोलियां जब्त कीं और एक व्यक्ति को गिरफ्तार किया है, जबकि एक अन्य अभियान में लोंगई क्षेत्र में 5,800 गोलियां बरामद की और दो लोगों को गिरफ्तार किया है। उन्होंने सोशल मीडिया एक्स पर एक पोस्ट में कहा कि श्रीभूमि पुलिस ने सात करोड़ रुपए कीमत का मादक पदार्थ जब्त किया है।

# इमरान की पार्टी ने मनाया काला दिवस, निकाली रैलियां

▸ लाहौर में कई पीटीआई नेताओं को किया गया गिरफ्तार

एजेंसी

**लाहौर।** पाकिस्तान चुनावों में कथित धांधली के विरोध में तहरीक-ए-इंसाफ (पीटीआई) द्वारा पूरे पाकिस्तान में काला दिवस मनाया जा रहा था, जिसके आरोप में पार्टी के कई नेताओं को गिरफ्तार किया गया। पिछले साल आम चुनावों में कथित तौर पर हुई धांधली के खिलाफ 8 फरवरी को पाकिस्तान में काला दिवस मनाया और रैलियां निकाली गईं। पीटीआई मुख्य रैली खैबर पख्तूनख्वा की राजधानी स्वाबी में की, जहां पार्टी सत्ता में है। पार्टी ने अपने कार्यकर्ताओं और समर्थकों से देशभर में विरोध प्रदर्शन करने के लिए कहा था। लाहौर के ऐतिहासिक मीनार-ए-पाकिस्तान में रैली की तैयारी कर रहे थे, हालांकि पाकिस्तान के पंजाब में अनुमति नहीं मिलने से रैली को स्थगित कर दिया था। मरियम नवाज के नेतृत्व वाली पंजाब सरकार ने 8 फरवरी को पूरे इलाके में धारा 144 लागू कर सभी राजनीतिक सभाओं, धरने, रैलियों, प्रदर्शनों, और ऐसी अन्य गतिविधियों पर प्रतिबंध लगा दिया था। पीटीआई कार्यकर्ताओं को कार्यक्रम स्थल तक पहुंचने से रोकने के लिए भारी पुलिस बल तैनात था। वहीं पुलिस ने विरोध प्रदर्शन करने वालों को गिरफ्तार कर लिया। शनिवार को मुल्तान शहर में दर्जनों पार्टी कार्यकताओं को गिरफ्तार किया गया, जिसमें पार्टी के उपाध्यक्ष शाह महमूद कुरैशी की बेटी मेहर बानो कुरैशी भी थीं। प्रदर्शन के दौरान जिन लोगों को गिरफ्तार किया गया उनमें जाहिद बहार हाशमी और दलिर मेहर को पुल चट्टा में गिरफ्तार किया। वहीं सत्तारूढ़ पाकिस्तान मुस्लिम लीग-नवाज ने लाहौर में धारा 144 का उल्लंघन किया और अपनी सरकार के एक साल के सफलतापूर्वक पूरा होने का जश्न मनाने के लिए एक रैली निकाली।



# प्रिंस हैरी को अमेरिका से डिपोर्ट करना नहीं चाहते ट्रंप

एजेंसी

**वॉशिंगटन।** अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप देश से अवैध प्रवासियों को बाहर निकालने में लगे हैं जिससे कई देश उनसे नाराज हैं, लेकिन जब बात प्रिंस हैरी की आई, तो उन्होंने साफ कहा कि वह अमेरिका में ही रहेंगे। हैरी जो ब्रिटिश शाही परिवार के सदस्य हैं, खुद ही शाही परिवार से अलग होकर अमेरिका के मोंटेसिटो में रह रहे हैं। ट्रंप के इस बयान के बाद हैरी ने चैन की सांस ली है। बता दें प्रिंस हैरी के इमिग्रेशन को लेकर वॉशिंगटन डीसी में मुकदमा चल रहा है। हेरिटेज फाउंडेशन का आरोप है कि हैरी ने अपने अतीत में अवैध ड्रग्स के इस्तेमाल से जुड़ी बातें छुपाई हैं, जिस कारण वह अमेरिकी वीजा पाने को लेकर अयोग्य हैं। मीडिया रिपोर्ट्स के मुताबिक ट्रंप ने कहा कि वह प्रिंस हैरी को देश से निकालने में दिलचस्पी नहीं रखते हैं। इसके अलावा ट्रंप ने हैरी की पत्नी मेगन मर्केल को लेकर कहा कि मैं ऐसा नहीं करना चाहता। मैं उन्हें अकेला छोड़ दूंगा। वह अपनी पत्नी के साथ पहले से ही काफी परेशानी में हैं। मेगन मर्केल भयानक है। ट्रंप ने इस दौरान हैरी के बड़े भाई प्रिंस विलियम की तारीफ भी की, जिनसे उनकी पिछले साल दिसंबर में पेरिस में मुलाकात हुई थी। ट्रंप ने कहा, ह्यमुझे लगता है कि विलियम एक महान युवक हैं। हेरिटेज फाउंडेशन ने हैरी की आत्मकथा ह्यस्पेयरह्ण का हवाला दिया। इसमें उन्होंने कोकेन, कैनबिस और अन्य ड्रग्स के इस्तेमाल की बात स्वीकार की है। संस्था ने पिछले साल हैरी के अमेरिकी वीजा रिकॉर्ड्स जारी करने के लिए मुकदमा दायर किया था। रिपोर्ट के मुताबिक हेरिटेज के नाइल गार्डनर ने कहा कि अमेरिका में वीजा के लिए आवेदन करने वाले हर व्यक्ति को अपने आवेदन में सच्चाई बतानी होती है और यह साफ नहीं है कि प्रिंस हैरी ने ऐसा किया है।



## जयपुर से बेंगलुरु फ्लाइट रद्द, पैसेंजर्स परेशान

**जयपुर।** बेंगलुरु जाने वाले यात्रियों को जयपुर एयरपोर्ट पर भारी परेशानी का सामना करना पड़ रहा है। इंडिगो एयरलाइंस की बेंगलुरु जाने वाली फ्लाइट लगातार पांचवें दिन भी आखिरी समय में रद्द कर दी गई है। इस अचानक हुए निर्णय के कारण यात्रियों को असुविधा का सामना करना पड़ा है। हालांकि, एयरलाइंस कंपनी ने सभी यात्रियों को टिकट की पूरी राशि वापस कर दी है, फिर भी फ्लाइट के रद्द होने से कई यात्री अपने गंतव्य पर समय पर नहीं पहुंच सके। जयपुर से बेंगलुरु के लिए टिकट बुक करने वाले यात्री बताते हैं कि एयरलाइंस द्वारा अंतिम समय में टिकट रद्द कर दिया गया, जिससे वे अपने तय समय पर बेंगलुरु नहीं पहुंच सकते।

# बांग्लादेश में ऑपरेशन डेविल हंट लॉन्च

▸ तोड़फोड़ और लूटपाट करने वालों पर शिकंजा

एजेंसी

**ढाका।** अल्पसंख्यकों पर हो रहे अत्याचारों को लेकर बांग्लादेश की अंतरिम सरकार पूरी दुनिया के निशाने पर है। यूनुस सरकार पर लगे दाग धोने के लिए लिए ऑपरेशन डेविल हंट लांच किया गया है। इस ऑपरेशन के तहत घरों में तोड़फोड़ करने वालों पर शिकंजा कसा जाएगा। ढाका के बाहरी इलाके में अवामी लीग के नेता के घर पर प्रदर्शनकारियों के तोड़फोड़ करने और कार्यकताओं पर हमला करने वाले दोषियों का पता लगाने के लिए यह कदम उठाया गया। इससे पहले 24 घंटे का अल्टीमेटम भी दिया गया था। भेदभाव-विरोधी छात्र आंदोलन के नेताओं का दावा है कि उनके कार्यकर्ता लूटपाट रोकने के लिए पूर्व मंत्री के घर गए थे, लेकिन बदमाशों ने उन पर हमला कर दिया। अंतरिम सरकार के प्रमुख सलाहकार प्रोफेसर मुहम्मद यूनुस ने ऑपरेशन डेविल हंट का आदेश दिया। उन्होंने सेना को भी बुलाया, क्योंकि गाजीपुर में उस जगह छात्र संगठन का विरोध प्रदर्शन चल रहा था जहां शुक्रवार को उनके कार्यकताओं पर हमला किया गया। गृह मंत्रालय ने एक बयान में कहा कि यह अभियान गाजीपुर से शुरू हुआ है और लोगों की सुरक्षा सुनिश्चित करने के लिए इसे पूरे देश में चलाया जाएगा। इसमें कहा गया कि सेना और कानून प्रवर्तन एजेंसियों के सहयोग से सुरक्षा अभियान के बारे में विस्तृत जानकारी रविवार को दी जाएगी।नोबेल शांति पुरस्कार से सम्मानित मोहम्मद यूनुस के नेतृत्व वाली बांग्लादेश की अंतरिम सरकार ने देश भर में हो रही तोड़फोड़ और आगजनी पर रोक लगाने का वादा किया है।



# केजरीवाल के सामने पार्टी को एकजुट रखना सबसे बड़ी चुनौती

एजेंसी

**नई दिल्ली ।** अन्ना आंदोलन से निकले अरविंद केजरीवाल ने 2 अक्टूबर 2012 को आम आदमी पार्टी बनाई थी। 2013 के अंत में उन्होंने दिल्ली विधानसभा का चुनाव लड़ा। पहली ही बार में 28 विधानसभा की सीटें जीतकर कांग्रेस और भाजपा को ठिकाने लगा दिया था। पहले सरकार 49 दिन की रही। कांग्रेस के समर्थन से बनी थी। उसके बाद 2015 का चुनाव दिल्ली विधानसभा की 70 सीटों में से उन्होंने 67 सीटों के भारी बहुमत से जीती। 2020 का चुनाव 62 सीटों के साथ जीता। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के होते हुए दिल्ली की जीत ने केजरीवाल को राष्ट्रीय स्तर का नेता बना दिया था। उसके बाद से आम आदमी पार्टी और अरविंद केजरीवाल राष्ट्रीय पार्टी बनकर सारे देश में धूम-धड़ाका कर प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी को चुनौती दे रहे थे।

2020 के बाद से भाजपा ने आम आदमी पार्टी को नेस्त नाबूत करने के लिए हर संभव प्रयास शुरू कर दिए थे। भारतीय जनता पार्टी को इसमें सफलता मिली। एक्साइज घोटाले में मुख्यमंत्री रहते हुए अरविंद केजरीवाल को जेल जाना पड़ा। केंद्र सरकार ने सत्येंद्र जैन, उप मुख्यमंत्री मनीष सिसोदिया सहित लगभग एक दर्जन से ज्यादा विधायकों और मंत्रियों को जेल भेजा। दिल्ली सरकार के पर कतरने के लिए अध्यादेश लाये। मुख्यमंत्री के ऊपर एलजी को बैठा दिया।



केजरीवाल की इमेज भ्रष्टाचारी और झूठे नेता के रूप में बना दी। पिछले कई वर्षों से कोई काम नहीं करने दिया। केंद्र और राज्य सरकार के झगड़े में मतदाताओं ने भी केजरीवाल का साथ छोड़ दिया। जिसके कारण दिल्ली के इस चुनाव में करारी पराजय अरविंद केजरीवाल और आम आदमी पार्टी को झेलना पडी। चुनाव के पहले ही आम आदमी पार्टी के 7 विधायक भारतीय जनता पार्टी में चले गए थे। इस पराजय के बाद आम आदमी पार्टी में भगदड़ मचना तय है।अरविंद केजरीवाल ने अपने 11 साल के राजनीतिक जीवन में दुश्मनों की बहुत बड़ी लाइन खड़ी कर ली है। जिसके कारण आम आदमी पार्टी का अस्तित्व बना रहेगा,या नहीं। यह उनके लिए सबसे बड़ी चुनौती है। निश्चित रूप से केंद्र सरकार ने पिछले 5 वर्षों में आम आदमी पार्टी को जड़ से उखाड़ फेंकने के लिए जो राजनीतिक एवं प्रशासनिक प्रयास किए हैं। केंद्र सरकार अरविंद केजरीवाल के पिछले 10 सालों के कामकाज की जांच कराकर और आने वाले कुछ ही महीनो में पंजाब सरकार को ठिकाने लगाकर, आम आदमी पार्टी को तगड़ी चुनौती देने की तैयारी कर रही है। ऐसी स्थिति में अब आम आदमी पार्टी के अस्तित्व और अरविंद केजरीवाल की आम आदमी पार्टी में पकड़ बनी रहेगी या नहीं। उनके सामने सबसे बड़ी चुनौती पार्टी को एकजुट रखने की है। जितनी तेजी के साथ आम आदमी पार्टी ने देश के कई राज्यों में अपनी पहचान बनाई थी। एक ही झटके में आम आदमी पार्टी का अस्तित्व खत्म होते नजर आ रहा है।ऐसी स्थिति में आम आदमी पार्टी यदि बनी रह जाए। यह बहुत बड़ी बात होगी।

## चीन को अपने लोगों पर नहीं है भरोसा भर्ती करेगा नॉर्थ कोरिया के फौजी

एजेंसी

**बीजिंग।** चीन की खुफिया एजेंसी की रिपोर्ट के बाद चीन की निजी सुरक्षा कंपनियों ने पूर्व कोरिया सैनिकों की भर्ती प्रक्रिया शुरू भी कर दी है। रूस की तरफ से यूक्रेन युद्ध में भाग ले रहे उत्तर कोरिया के सैनिकों को लेकर चीन की खुफिया एजेंसी ने अपने आला कमान को एक रिपोर्ट दी है। इस रिपोर्ट में बताया गया है कि उत्तर कोरिया के सैनिक वफादारी में बहुत आगे हैं। जिस जगह की सुरक्षा का काम उन्हें सौंप जाता है वे मरकर भी उसकी रक्षा करते हैं। कुल मिलाकर चीन की आर्मी को अपने ही नागरिकों पर अब ज्यादा भरोसा नहीं रहा है। यही वजह है कि वो चीनी नागरिकों की जगह सेना में नॉर्थ-कोरिया के रिटायर्ड फौजियों की भर्ती करना चाहता है। ऐसा दावा हम नहीं कर रहे हैं, बल्कि चीन आर्मी की खुफिया रिपोर्ट में इस बात का खुलासा हुआ है। चीन उत्तरी कोरिया के रिटायर्ड या निकाले गए सैनिकों की मदद से पाकिस्तान अफगानिस्तान में जारी अपने प्रोजेक्ट की सुरक्षा करवाना चाहता है। यहां तक कि यदि कोई दूसरी एजेंसी उन्हें पकड़ ले तो वह खुद को उड़ा लेते हैं। चीनी खुफिया एजेंसी की रिपोर्ट के मुताबिक पाकिस्तान अफगानिस्तान में उनके प्रोजेक्ट्स और चीनी नागरिकों की सुरक्षा के लिए उन्हें ऐसे ही लोग चाहिए।



## खास खबर

### अफ्रीकी देशों में हुए संघर्ष में 18 सैनिकों की मौत

**कांगो।** डेमोक्रेटिक रिपब्लिक ऑफ कांगो में हुए संघर्ष के दौरान विभिन्न अफ्रीकी देशों के 18 सैनिक मारे गए हैं। यह दुखद घटना विश्व भर में आफत और दुःख भरी भावनाएं उत्पन्न कर रही है। अधिकारियों के अनुसार, मारे गए सैनिकों के शवों का पोस्टमार्टम करने के लिए युगांडा भेजा गया है। विदेश राज्य मंत्री हेनरी ओकेलो ओरीम ने इस दुखद गतिविधि की सूचना एक समाचार एजेंसी को दी। ओरीम ने बताया कि मृतक सैनिक कांगो में दक्षिणी अफ्रीकी विकास समुदाय मिशन के हिस्सा थे। उनके शवों को पोस्टमार्टम करने के बाद उन्हें संबंधित देशों को वापस भेजा जाएगा। ओरीम ने इस प्रक्रिया को संबंधित देशों के साथ मिलकर संभाला जा रहा है ताकि सैनिकों को उनकी अंतिम यात्रा को सम्मानपूर्वक संपन्न किया जा सके। इस दुखद घटना के दौरान गोमा क्षेत्रीय हवाई अड्डे को हुआ नुकसान भी समाचार है। शवों को लेकर यात्रा के लिए आने वाली राह को खोलने के लिए अधिकारियों ने युगांडा तक सड़क मार्ग की व्यवस्था की है। यह दुखद समाचार अफ्रीकी महाद्वीप में आईतिहासिक दुख और आफत को दशार्ता है। हम सभी इस दुखद समय में उनके परिवारों और प्रियजनों के साथ साझा दुःख शेयर करते हैं।

### यूक्रेन के जर्जिस्क शहर पर रूस का कब्जा

**कीव।** रूस के रक्षा मंत्रालय ने एक वीडियो जारी कर यूक्रेन के जर्जिस्क शहर पर कब्जे का दावा किया। यूक्रेन के डोनेट्स्क क्षेत्र में स्थित इस शहर पर रूस ने कब्जा कर लिया है। जर्जिस्क के अलावा रूस ने यहां मौजूद दो गांव द्रुज्बा और क्रिम्सकोये पर भी कंट्रोल की बात कही। रूसी सेना ने कहा है कि यूक्रेन ने शहर की रक्षा के लिए लगभग 40,000 सैनिकों को तैनात किया था। 5 महीने की लड़ाई में इसमें से 26,000 सैनिक की मौत हो गई। वीडियो फुटेज में रूसी ड्रोन्स को यूक्रेनी रसद और सैनिकों को निशाना बनाते देखा गया। रूस की डिफेंस मिनिस्ट्री ने कहा कि यूक्रेनी सेना ने शहर की लगभग हर इमारत को किले में तब्दील कर दिया था। शहर के उत्तरी और पश्चिमी हिस्से की रक्षा करने के लिए कई तरह की तकनीक अपनाई गई थी।

### खाना बनाते समय फटा सिलेंडर, दो की मौत

**गुरुग्राम।** गुरुग्राम के नाहरपुर गांव में रसोई गैस सिलेंडर फटने से दो बच्चियों की मौत हो गई और उनके पिता बुरी तरह झुलस गए। उन्हें अस्पताल में भर्ती कराया है जहां उनका इलाज जारी है। पुलिस ने बच्चियों की पहचान अलका (6) और पलक (8) के रूप में की है। पुलिस के मुताबिक बच्चियों के पिता हरेश्वर गिरी को दिल्ली के सफदरजंग अस्पताल में भर्ती कराया गया है। पुलिस के मुताबिक यह घटना मानेसर थाना क्षेत्र के नाहरपुर गांव में शुक्रवार रात हुई थी। अधिकारियों ने बताया कि हरेश्वर गिरी कमरे में खाना बना रहे थे और उनकी मासूम बेटियां खेल रही थीं, तभी अचानक गैस सिलेंडर फट गया और तीनों घायल हो गए उन्हें तुरंत सिविल अस्पताल ले जाया गया, जहां अलका को मृत घोषित कर दिया गया। उन्होंने बताया कि गिरी और उनकी बड़ी बेटी पलक को फिर दिल्ली के सफदरजंग अस्पताल में रेफर किया गया।

खास खबर

## तेज गेंदबाज नोर्त्जे चैम्पियंस ट्रॉफी से बाहर

**जोहानिसबर्ग ।** दक्षिण अफ्रीकी टीम के तेज गेंदबाज एनरिच नोर्त्जे फिट नहीं होने के कारण 19 फरवरी से शुरू हो रही आईसीसी चैम्पियंस ट्रॉफी से बाहर हो गये हैं। नोर्त्जे की जगह पर केवल एक ही एकदिवसीय मैच खेलने वाले कोर्बिन बॉश को टीम में शामिल किया गया है। नोर्त्जे की पीठ की चोट उभर आई है जिसके कारण उन्हें चैम्पियंस ट्रॉफी से बाहर होना पड़ा है। पिछले साल दिसंबर में अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट में पदार्पण करने वाले बॉश ने केवल एक एकदिवसीय मुकाबला खेला है जिसमें उन्होंने नाबाद 40 रन बनाने के अलावा एक विकेट भी लिया था। आईसीसी ने कहा, बॉश के अलावा दक्षिण अफ्रीका ने तेज गेंदबाज क्वेना मफाका को भी रिजर्व खिलाड़ी के तौर पर टीम में रखा है। पिछले महीने ही क्रिकेट दक्षिण अफ्रीका (सीएसए) ने कहा था कि उसे नोर्त्जे के चैम्पियंस ट्रॉफी के लिए समय पर उबरने की संभावना नहीं है। नोर्त्जे इससे पहले पीठ में खिंचाव के कारण भी 2023 विश्व कप से भी बाहर थे। नोर्त्जे ने अब तक 22 एकदिवसीय मुकाबलों में 36 और 42 टी20 अंतरराष्ट्रीय मुकाबलों में 53 विकेट लिए हैं।

## फिलिप्स का छक्का सोशल मीडिया में छाया

**लाहौर।** न्यूजीलैंड के बल्लेबाज ग्लेन फिलिप्स ने पाकिस्तान के खिलाफ हुए मैच में आक्रामक शतकीय पारी खेलकर त्रिकोणयीय क्रिकेट सीरीज के पहले पहल एकदिवसीय में मेजबान पाक टीम के तेज गेंदबाज शाहीन शाह अफरीदी को जमकर पीटा। फिलिप्स ने 74 गेंद में 106 रन बनाये और इसमें 6 छक्के और 7 चौके शामिल थे। शाहीन ने अपने 10 ओवरों में तीन विकेटो लिए पर 88 रन लुटा दिये। फिलिप्स ने शाहीन की गेंद पर एक लंबा शाट खेला जो सोशल मीडिया पर छाया हुआ है। शाहीन ने इस मैच में अपनी ओर से पूरा प्रयास किया पर वह फिलिप्स को रोक नहीं पाये। फिलिप्स जब 66 रन के स्कोर पर थे तब शाहीन ने उन्हें एक तेज यॉर्कर फेंकने का प्रयास किया पर फिलिप्स ने इसपर छक्का लगा दिया। शाहीन की यह यॉर्कर सही जगह पर नहीं गिर पाई। ऐसे में फिलिप्स ने उसे ऑफ साइड की तरफ खेल दिया। फिलिप्स 74 गेंद में 106 रन बनाकर नाबाद रहे। अपनी इस पारी में फिलिप्स ने 6 छक्के और 7 चौके भी लगाए।

## एमआई ने एसए 20 क्रिकेट टूर्नामेंट जीता

**वांडरर्स ।** एमआई केप टाउन ने सनराइजर्स ईस्टर्न केप को हराकर एसए 20 क्रिकेट टूर्नामेंट जीत लिया है। सनराइजर्स की इस हार से उसकी मालिक काव्या मारन को एक बार फिर निराशा हुई है। इस मैच में एमआई केप टाउन ने टॉस जीतकर पहले बल्लेबाजी करते हुए एस्टरहुइजन के 39 और डेवाल्ड ब्रेविस के 38 रनों की सहायता से 8 विकेट पर 181 रन बनाए। इसके बाद लक्ष्य का पीछा करते हुए सनराइजर्स ईस्टर्न केप केवल 105 रन ही बना पायी। उसकी ओर से सबसे अधिक 30 रन टॉम एबेल ने बनाये। एमआई की ओर से कागिसो रबाडा ने 25 रन देकर चार विकेट लिए। वहीं प्लेयर ऑफ द मैच चुने गए ट्रेंट बोल्ट ने केवल नौ रन देकर दो विकेट लिए।

# ऑस्ट्रेलिया ने श्रीलंका को दूसरे टेस्ट में 9 विकेट से हराया

एजेंसी

**गाले।** ऑस्ट्रेलिया क्रिकेट टीम ने गाले में खेले गए दूसरे टेस्ट मैच में श्रीलंका की टीम को 9 विकेट से हरा दिया है। इस जीत के साथ ऑस्ट्रेलिया ने दो मैचों की टेस्ट सीरीज को 2-0 से अपने नाम कर लिया। पहले टेस्ट में ऑस्ट्रेलिया ने श्रीलंका को पारी और 242 रन के बड़े अंतर से हराया था।




पैट कमिंस की अनुपस्थिति में श्रीलंका दौरे पर स्टीव स्मिथ की कप्तानी में ऑस्ट्रेलिया की टीम को यह सफलता मिली है। टीम 2011 के बाद पहली बार श्रीलंका में टेस्ट सीरीज जीतने में सफल रही है। आखिरी बार 2011 में माइकल क्लार्क की कप्तानी में ऑस्ट्रेलिया को श्रीलंका दौरे पर जीत मिली थी। गाले में खेले गए दूसरे मुकाबले में श्रीलंका ने टॉस जीतकर बल्लेबाजी करने का फैसला किया था। टीम ने पहली पारी में 257 रन बनाए। इस दौरान टीम के लिए विकेटकीपर बल्लेबाज कुसल मेंडिस ने सबसे ज्यादा रन बनाए। उन्होंने 10 चौके और 1 छक्के की मदद से नाबाद 85 रन बनाए और दिनेश चांडीमल ने 163 गेंदों पर 74 रन की पारी खेली। इनके अलावा दिमुथ करुणारत्ने ने 36, रमेश मेंडिस ने 28, पथुम निसांका 11 और कामिंडू मेंडिस ने 13 रन का योगदान दिया। ऑस्ट्रेलिया की ओर से मिचेल स्टार्क, मैथ्यू कुहनेमैन और नाथन लियोन ने क्रमशः 3-3 विकेट लिए। ट्रेविस हेड को एक विकेट मिला। ऑस्ट्रेलिया ने अपनी पहली पारी में 414 रन का स्कोर बनाया। टीम के लिए विकेटकीपर बल्लेबाज एलेक्स कैरी ने 15 चौके और 2 छक्कों की मदद से 188 गेंदों में 156 रन और कप्तान स्टीव स्मिथ ने 10 चौके और 1 छक्के की मदद से 254 गेंदों में 131 रनों की पारी खेली। इनके अलावा उस्मान ख्वाजा ने 36 रन और ब्यू वेबस्टर ने 31 रन बनाए। पहली पारी के लिहाज ने ऑस्ट्रेलिया ने 157 रनों की बढ़त हासिल की।

श्रीलंका के लिए प्रभात जयसूर्या ने सबसे ज्यादा 5 विकेट लिए। निशान पीरिस ने 3 और रमेश मेंडिस ने 2 विकेट हासिल किए। इसके बाद श्रीलंका की दूसरी पारी 231 रन पर सिमट गई। इससे ऑस्ट्रेलिया को जीत के लिए सिर्फ 75 रनों का लक्ष्य मिला। दूसरी पारी में श्रीलंका के लिए एंजेलो मैथ्यूज ने सबसे बड़ी पारी खेलकर 76 रन बनाए। कुसल मेंडिस ने 50 रन की पारी खेली। इन दो बल्लेबाजों के अलावा अन्य कोई बल्लेबाज ज्यादा कुछ नहीं कर सका।

ऑस्ट्रेलिया की ओर से मैथ्यू कुहनेमैन 4, नाथन लियोन 4 और ब्यू वेबस्टर ने 2 विकेट लिए। लक्ष्य का पीछा करने उतरी मेहनाम टीम ने एक विकेट के नुकसान पर 75 रन बनाते हुए जीत हासिल कर ली। ऑस्ट्रेलिया के लिए उस्मान ख्वाजा ने नाबाद रहते हुए 27 और मार्नस लाबुशेन ने 26 रन की पारी खेली। ट्रेविस हेड ने 20 रन बनाए। श्रीलंका के लिए एकमात्र विकेट प्रभात जयसूर्या ने लिया। अब ऑस्ट्रेलिया टीम को श्रीलंका में 2 मैचों की एकदिवसीय सीरीज खेलनी है।

## नेशनल गेम्सः झारखंड की तनु कुमारी, शोभा महतो व अनु कुमारी ने जीता रजत पदक

### झारखंड की झोली में अब तक 07 स्वर्ण ,06 रजत, 08 कांस्य समेत कुल 21 पदक

एजेंसी

**देहरादून।** 38वें नेशनल गेम्स,उत्तराखंड में मॉडर्न पेंटाथलन में झारखंड महिला लेजर रन टीम की तिकड़ी तनु कुमारी, शोभा महतो, अनु कुमारी ने रजत पदक जीता। झारखंड राज्य के खिलाड़ियों की इस उपलब्धि पर राज्य के माननीय मुख्यमंत्री हेमन्त सोरेन, माननीय खेल मंत्री सुदिव्य कुमार, खेल सचिव मनोज कुमार, खेल निदेशक संदीप कुमार, अवर सचिव राजेश कुमार, झारखंड ओलंपिक संघ अध्यक्ष आरकेआनंद, जेओ.ए.कार्यकारी अध्यक्ष शेखर बोस, महासचिव डॉ मधुकांत पाठक,चीफ द मिशन शिवेंन्द्र दुबे, भोलानाथ सिंह,विभिन्न खेल संघों के पदाधिकारी अनिल जायसवाल, हरभजन सिंह, गुलाम रब्बानी,जय कुमार सिन्हा, अर्चित आनंद,आनंद बिहारी दुबे, विजय सिंह,चंचल भट्टाचार्य, सी.डी.सिंह, एस.के. पांडेय,वरुण कुमार,सुरेश कुमार, संजेश मोहन ठाकुर, के के सिंह, प्रभाकर राव, खुर्शीद खान, परीक्षित तिवारी,अजय झा, शैलेन्द्र पाठक, रजनीश कुमार, हरभजन सिंह, निशिकांत पाठक,बिपीन सिंह ,राजेंद्र प्रसाद, पूर्णिमा महतो, सुमन चंद्र मोहंती,आशीष झा, रितेश झा, मो.खुर्सिद खान,शैलेन्द्र दुबे, उदय साहू, शैलेन्द्र कुमार झारखंड खेल प्राधिकरण,रांची के मणिकांत कुमार -जूनियर फेलो कंसलटेंट, देवेंद्र सिंह,स्पोर्ट्स एडवाइजर समेत खेल विभाग के अधिकारियों, प्रशिक्षकों ने बधाई दी।




## सिंधु ने बैडमिंटन एशिया मिश्रित टीम चैंपियनशिप से नाम लिया वापस

एजेंसी

**नई दिल्ली ।** भारतीय महिला बैडमिंटन स्टार पीवी सिंधु चोटिल होने के कारण चीन में 11 से 16 फरवरी तक खेली जाने वाली बैडमिंटन एशिया मिश्रित टीम चैंपियनशिप से हट गयी हैं। सिंधु के पैर की मांसपेशियों में चोट लगी है। इसलिए वह इस टूनामेंट से बाहर रहेंगी। अब इस टूनामेंट में भारतीय टीम की उम्मीदें लक्ष्य सेन और एचएस प्रणय के साथ-साथ सात्विकसाईराज रंकीरेड्डी और चिराग शेट्टी की शीर्ष युगल जोड़ी से रहेंगी। सिंधु ने में कहा, ह्यमैं फिट नहीं होने के कारण बैडमिंटन एशिया मिश्रित टीम चैंपियनशिप 2025 के लिए टीम के साथ यात्रा नहीं करूंगी। साथ ही कहा कि चार फरवरी को गुवाहाटी में ट्रेनिंग के दौरान मुझे अपनी पैर की मांसपेशियों में दर्द हुआ था। पहले मेरा पट्टी लगाकर खेलने का इरादा था पर बाद में एमआरआई से पता चला है कि मुझे शुरूआत में जितनी लगी थी उसे ठीक होने में समय लगेगा। ये भारतीय खिलाड़ी बर्मिंघम 2022 राष्ट्रमंडल खेलों के बाद से ही फिटनेस को लेकर संघर्ष करती आ रही हैं। इस खिलाड़ी को राष्ट्रमंडल खेलों के दौरान बाएं पैर में स्ट्रेस फ्रेक्चर हो गया था जिसके कारण वह 2022 में विश्व चैंपियनशिप और विश्व टूर फाइनल सहित सभी प्रतियोगिताओं से बाहर थी। बैडमिंटन एशिया मिश्रित टीम चैंपियनशिप में भारतीय टीम को दक्षिण कोरिया और मकाऊ के साथ कठिन ग्रुप डी में रखा गया है। इसमें भारतीय टीम अपना पहला मुकाबला 12 फरवरी को मकाऊ से और 13 फरवरी को दक्षिण कोरिया से खेलेगी।



## पीसीबी ने मिस्बाह और इंजमाम को हॉल ऑफ अवार्ड से किया सम्मानित

एजेंसी

**लाहौर ।** पाकिस्त क्रिकेट का हॉल ऑफ फेम अवार्ड पूर्व क्रिकेटरों मिस्बाह-उल-हक और इंजमाम-उल-हक को मिला है। पाक क्रिकेट बोर्ड (पीसीबी) ने देश में खेल को दी गयी विशेष सेवाओं के लिए ये अवार्ड इन दोनो पूर्व क्रिकेटों को दिया है। पीसीबी ने पाकिस्तान बनाम न्यूजीलैंड त्रिकोणीय एकदिवसीय श्रृंखला से पहले आधिकारिक तौर पर पाकिस्तान क्रिकेट में पूर्व कप्तानों इंजमाम-उल- न्यूजीलैंड के खिलाफ त्रिकोणीय सीरीज के मुकाबले से पहले पीसीबी अध्यक्ष मोहसिन नकवी ने इन दोनो को स्मारक टोपी और पट्टिकाएं सोंपी। ये दोनों की ये कैच पहनकर स्टेडियम में घूमे इस दौरान भीड़ ने इनका हौंसला बढ़ाया। इंजमाम और मिस्बाह को पूर्व क्रिकेटरों सईद अनवर और मुश्ताक के साथ 2024 के लिए पीसीबी हॉल ऑफ फेम वर्ग में नामांकित किया गया था। पाक क्रिकेट का हॉल ऑफ फेम इससे पहले इमरान खान, वसीम अकरम, वकार यूनिस और जावेद मियांदाद को मिला था। इंजमाम 11,701 रनों के साथ ही पाक की ओर से

### पांच दिनी शहीद एतवा उरांव क्रिकेट टूर्नामेंट-2025 का चौथा दिन

## सोसई आश्रम, कुंदी और बुढ़मू एलेवन की टीम पहुंची सेमीफाइनल में

एजेंसी

**रांची।** मांडर प्रखंड अंतर्गत बुढ़ाखुखरा स्थित खेल मैदान में रविवार को पांच दिवसीय शहीद एतवा उरांव क्रिकेट टूनामेंट-2025 के चौथे दिन का उदघाटन मो. खालिद, जेवियर खलखो, हासीम अंसारी, मो. राजा, आशीष ने खिलाड़ियों से परिचय कर किया। रविवार को पहला मैच गोविंदपुर और टांगर के बीच खेला गया, जिसमें गोविंदपुर की टीम 22 रन से विजयी रही। पहले बल्लेबाजी करते हुए गोविंदपुर की टीम 108 रन बनाई।इसके जवाब में टांगर की



टीम 86 रन पर ही सिमट गई। वहीं दूसरा मैच सोसई आश्रम और चोरेसा के बीच खेला गया। इसमें सोसई की टीम 40 रन से बिजयी रही। इससे पहले बल्लेबाजी करते सोसई आश्रम की टीम 140 रन का स्कोर खड़ा की। इसके जवाब में चोरेसा की टीम 100 रन ही बना सकी। रविवार को तीसरा मैच सोसई आश्रम और गोविदपुर के बीच खेला गया। जिसमें सोसई की टीम 30 रन से जीत कर टूनामेंट के सेमीफाइनल में पहुंच गई। पहले बल्लेबाजी करते हुए सोसई की टीम 95 बनाई। इसके जवाब में गोविंदपुर की टीम 65 रन पर ही सिमट गई। तीनों मैच में बेहतरीन प्रदर्शन करने के लिए गोविंदपुर के अनीस, सोसई आश्रम के आशिष व अमन को मैन ऑफ दी मैच का पुरस्कार दिया गया। इससे पहले कुंदी और बुढ़मू एलेवन की टीम पहले ही सेमीफाइनल में पहुंच चुकी है। मैच के अंपायर आशीष गुप्ता और राहुल शाही थे। 10 फरवरी को टूनामेंट का चौथा क्वाटर फाइनल गोरे एलेवन और गोपी एलेवन के बीच दिन के नौ बजे से खेला जाएगा। साथ ही दो सेमीफाइनल के अलावा टूनामेंट का फाइनल मैच दिन के तीन बजे से होगा। टूनामेंट के फाइनल मैच का उद्घाटन झारखंड सरकार की कृषि मंत्री शिल्पी नेहा तिर्की, प्रदेश कांग्रेस के कार्यकारी अध्यक्ष श्री बंधु तिर्की, अंजुमन इस्लामिया रातू प्रखंड के सचिव मुख्तार अंसारी, समीम अख्तर और मांडर थाना प्रभारी राहुल संयुक्त रूप से करेंगे। चौथे दिन के मैच के सफल आयोजन में कुरबान खान, मो शाकिब, लखो खलखो, नेसार खान, मुकेश खलखो, मो. आरिफ, मो. रशीद, विनोद खलखो, मो. मिनहाज सहित कई स्थानीय ग्रामीणों का महत्वपूर्ण योगदान रहा।

## डॉक्टर ईशा अशोक को मिला ब्राउन बेल्ट

एजेंसी

**रांची।** इंटरनेशनल मार्शल आर्ट अकादमी (इमा) के तत्वाधान में बसर टोली बहू बाजार स्थित इमा कराटे स्टूडियो में बेल्ट सेरेमनी का आयोजित किया गया जिसमें पिछले दिनों कराटे ग्रेडिंग में सफल रहे सभी खिलाड़ियों को इंटरनेशनल मार्शल आर्ट अकादमी के तकनीकी निदेशक शिहान सुनील किस्पोट्टा ने बेल्ट एवं प्रमाण पत्र प्रदान किए 120 कराटे खिलाड़ियों के बीच ईशा अशोक को ब्राउन बेल्ट प्रदान किया गया। ईशा अशोक वर्तमान में डॉक्टर है और कराटे का प्रशिक्षण भी ले रही है डॉक्टर के पढ़ाई के साथ-साथ कराटे का प्रशिक्षण का जज्बा लिए 2 साल पहले ईशा अशोक ने इंटरनेशनल मार्शल आर्ट अकादमी बहु बाजार बसर टोली स्थित इमा कराटे स्टूडियो शाखा में अपना नामांकन कराया 2 साल की कड़ी मेहनत और प्रशिक्षण के बाद अब ब्राउन बेल्ट हासिल किया है। वर्तमान में ईशा अशोक राज्य की सबसे बड़े हॉस्पिटल रिम्स में सर्जन के रूप में अपना योगदान दे रही है। ईशा अशोक कहती है कि महिलाओं को आत्मनिर्भर बनाने और उनके आत्मविश्वास को बढ़ाने के लिए कराटे का प्रशिक्षण जरूरी है। आए दिन महिला डॉक्टर्स को रात में ड्यूटी कर घर वापस जाना पड़ता है जिससे कि वो थोड़ा असहाय महसूस करती है। पर कराटे का प्रशिक्षण लेने के बाद उनका आत्मविश्वास इतना बढ़ता है कि वह खुद को सुरक्षित महसूस कर आसानी से अपने कामों को कर सकते हैं।

शिहान सुनील किस्पोट्टा ने कहा कि आज के दौर में महिलाओं को अनिवार्य रूप से कराटे का प्रशिक्षण करना चाहिए जिससे उनका आत्मविश्वास बना रहेगा और वे असामाजिक तत्व से अपनी सुरक्षा स्वयं कर सकेंगी।



## शिखर के साथ ओपनिंग करना शानदार अनुभवः लेंडल सिमन्स

एजेंसी

**रायपुर।** रायपुर के शहीद वीर नारायण सिंह अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट स्टेडियम में चल रही लीजेंड 90 लीग में राजस्थान किंग्स के खिलाफ जीत में अहम भूमिका निभाने वाले दिल्ली रॉयल्स के सलामी बल्लेबाज लेंडल सिमन्स,
शिखर धवन को अपना बढ़िया सहयोगी मानते हैं। वेस्टइंडीज के लेंडल ने सत्र का पहला मैच खेलते हुए 12 चौकों और 4 छक्कों की मदद से 87 रन बनाए। इसके लिए उन्हें प्लेयर ऑफ द मैच भी चुना गया। उन्होंने धवन के साथ मिलकर 31 गेंदों में 60 रन की साझेदारी निभाई, जिससे दिल्ली रॉयल्स 195 रन का विशालकाय लक्ष्य खड़ा कर पाई। अपनी पारी और धवन के साथ ओपनिंग के सवाल पर सिमंस ने कहा, शिखर एक टॉप-क्वालिटी खिलाड़ी हैं और उनके साथ ओपनिंग करना काफी शानदार अनुभव है। मुझे लगता है कि हमारी जोड़ी काफी बढ़िया है। लीग के बारे में बोलते हुए उन्होंने आगे कहा, श्लीजेंड 90 लीग पूर्व खिलाड़ियों के प्रतिस्पर्धी क्रिकेट का एक लाजवाब मंच है और ऐसे दिग्गजों के बीच टीम की जीत का अहम हिस्सा बन पाना वाकई शानदार है। सिमन्स के अलावा एंजेलो पेरेरा ने 24 गेंदों में महत्वपूर्ण 54 रन की पारी खेली थी, जिसके बाद गेंदबाजी में बिपुल शर्मा की हैट्रिक (3/18) ने राजस्थान किंग्स को 154 रनों पर रोक कर दिल्ली रॉयल्स को टूनामेंट की पहली जीत दिलाई।



# एकतरफा मुकाबले में स्वर्णरेखा और रोमांचक मुकाबले में मयूराक्षी की जीत

मीडिया कप क्रिकेट

एजेंसी

**रांची ।** रांची प्रेस क्लब की ओर से आयोजित आरपीसी मीडिया कप के तीसरे दिन खेले गए लीग मुकाबले में मयूराक्षी ने रोमांचक मुकाबले में भैरवी को 4 रनों से मात दी। वहीं एकतरफा मुकाबले में स्वर्णरेखा ने शंख को 60 रनों से रौंदा। पहले मुकाबले में मयूराक्षी के मो इमरान और दूसरे मुकाबले में स्वर्णरेखा टीम के प्रवीण मिश्रा को प्लेयर ऑफ द मैच चुना गया।

रविवार को पहला मुकाबला मयूराक्षी और भैरवी के बीच खेला गया। टॉस हारकर पहले बल्लेबाजी करते हुए मयूराक्षी ने 119/6 रन बनाए। टीम की ओर से मो इमरान ने 51 और आलोक सिंह ने 23 रनों की पारी खेली। दूसरे पारी में भैरवी निर्धारित ओवर में 115/9 ही बना सकी। टीम की ओर से राकेश सिंह ने सर्वाधिक 32 रन बनाए। वहीं मयूराक्षी के कमलेश ने 3 और बिपिन व संतोष ने 2- 2 विकेट लेकर मुकाबले को जीतने में अहम भूमिका निभाई। दिन का दूसरा मुकाबला स्वर्णरेखा और शंख के बीच खेला गया। स्वर्णरेखा ने टॉस जीतकर पहले बल्लेबाजी करते हुए (152/6) बनाए। टीम की ओर से प्रवीण मिश्रा ने 51 और अमोद साहू ने 47 रनों की शानदार पारी खेली। शंख की ओर से मनोज ने 2 विकेट झटके। लक्ष्य का पीछा करने उतरी शंख की टीम (92/9) ही बना सकी। टीम की ओर से विक्की पासवान ने सर्वाधिक 28 रन बनाए। स्वर्णरेखा के फिरोज और शक्ति सिंह ने 2- 2 विकेट झटके। आरपीसी मीडिया कप के टाइटल स्पोंसर टाटा स्टील, को स्पोंसर अडानी पावर, मदर जीरामनी टीचर ट्रेनिंग कॉलेज, अलेक्सा रिजॉट एन्ड रेस्टोरेंट, सपोटिंग पार्टनर टाइटन वल्ड हरमू रोड एन्ड जके इंटरनेशनल स्कूल (जेके क्रिकेट एकेडमी ) रहे।








# मुझे साउथ की फिल्में करने पर बहुत गर्व है



वर्ल्ड पिकलबॉल लीग में अभिनेत्री जेनेलिया देशमुख की टीम पुणे यूनाइटेड ने हाल ही में जीत दर्ज की है। अभिनेत्री ने न्यूज एजेंसी से बात की। अभिनेत्री ने फिल्मों में अपने सफर और भारत में खेलों के प्रति बढ़ते प्यार के साथ ही वेब सीरीज में काम को लेकर अपनी योजना शेयर की।

अभिनेत्री दक्षिण भारतीय फिल्मों के साथ ही हिंदी, मराठी समेत कई भाषाओं में फिल्में कर चुकी हैं। जब अभिनेत्री से पूछा गया कि क्या दर्शक उन्हें जल्द ही किसी ओटीटी सीरीज में देख पाएंगे उन्होंने कहा, मुझे ओटीटी में काम करना पसंद आएगा। शॉर्ट-फॉर्मेट हो या लॉन्ग-फॉर्मेट, मेरे लिए जो मायने रखता है, वह यह है कि मैं अपने दर्शकों तक कैसे कंटेंट पहुंचा पाती हूं। मेरा व्यक्तित्व ऐसा है कि मैं किसी भी तरह का काम करने के लिए तैयार रहती हूं। काम तो काम है। मैंने साउथ की फिल्में काफी पहले शुरू कर दी थीं। मुझे साउथ की फिल्में करने पर बहुत गर्व है। उन्होंने आगे कहा, मैंने बॉलीवुड और साउथ की फिल्में की हैं। मैं फिल्मों को एक माध्यम के रूप में पसंद करती हूं, फिर वह लॉन्ग में हो या शॉर्ट फॉर्मेट में, लेकिन मैं इसे लेकर उत्साहित हूं और लंबे समय से इंतजार कर रही हूं।

भारत वैश्विक स्तर पर खेल को लेकर अपनी पहचान बना रहा है। गुकेश डोमराजू शतरंज में विश्व चैंपियन बने, भारत ने पेरिस ओलंपिक और पैरालिंपिक दोनों में अच्छा प्रदर्शन किया। अभिनेत्री से पूछा गया कि क्या वह भारत में स्पोर्ट्स इकोसिस्टम के लिए बदलाव देखती हैं अभिनेत्री ने कहा, मुझे खेल पसंद है और हमेशा उम्मीद और प्रार्थना करती रही हूं कि हमारे पास बेहतर खेल सुविधाएं, बुनियादी ढांचा और इसे देखने वाले अधिक लोग हों। यह एक या दो खेल तक ही सीमित था, मुझे लगता है कि आज लोग हर खेल और हर उस व्यक्ति को खुले तौर पर अपना रहे हैं, जो किसी न किसी चीज में अच्छा प्रदर्शन कर रहा है। मुझे लगता है कि यह मेरे जैसे दर्शक और मेरे बच्चों के लिए बहुत अच्छा है, जो खेल में रुचि रखते हैं। जेनेलिया ने कहा, मुझे लगता है कि आपके पास सपने देखने और कड़ी मेहनत करने का अवसर है। सपने देखना इसका एक हिस्सा है, लेकिन वहां जाकर विश्व स्तर पर अंतरराष्ट्रीय स्तर पर जगह बनाना कुछ ऐसा है, जो भारत पिछले कई सालों से बहुत सही तरीके से कर रहा है।



## विरासत में मिला क्रिकेट छोड़ क्यों बॉलीवुड में आए अंगद बेदी

भारतीय क्रिकेट कप्तान रहे बिशन सिंह बेदी के बेटे अंगद बेदी को उनकी फिल्मों से फैंस पहचानते हैं। विरासत में मिला क्रिकेट छोड़ अंगद ने बॉलीवुड में अपना सिक्का आजमाने की कोशिश की है। आइए उनके जन्मदिन के खास दिन पर आपको बताते हैं उनकी निजी जिंदगी से लेकर बॉलीवुड तक के सफर के बारे में...।

### खुद कही थी ये बात

अंगद बेदी ने एक इंटरव्यू में खुद कहा था कि मुझे लगता है कि काम ही सबसे ज्यादा जरूरी है। हर इंसान की एक ऐसी पर्सनालिटी बननी चाहिए कि लोग आपके काम से कनेक्ट कर सकें। मैं लाइफ में बेचारा बनकर नहीं रहना चाहता। अंगद ने बताया कि 17 साल की उम्र में उन्हें एहसास हुआ कि उन्हें अभिनेता बनना है, इसके बाद उन्होंने चचेरे भाइ की डिफेंस कॉलोनी में एक दुकान में जाकर अमिताभ बच्चन की फिल्में देखना शुरू किया। इन्हीं फिल्मों को देखकर एक्टिंग के प्रति अंगद का रुझान और बढ़ गया।

### पिता हो गए थे नाराज

एक इंटरव्यू के दौरान अंगद बेदी ने बताया कि उन्होंने बॉलीवुड में काम करने के लिए 18 साल की उम्र में बाल कटवा लिए थे, इस बात से उनके पिता इतने नाराज हो गए थे कि 20 साल तक उनसे बात ही नहीं की थी। इसके बाद अमिताभ बच्चन ने उन दोनों की सुलह करवाई थी।

### ऐसे हुई नेहा से मुलाकात

अंगद बेदी ने साल 2018 में नेहा धूपिया से शादी कर ली थी। दोनों की शादी दिल्ली में हुई। खबरों की मानें तो अंगद से शादी से पहले ही नेहा प्रेग्नेंट हो गई थीं। नेहा और अंगद ने अपने माता-पिता को शादी के बारे में बताने के बाद 72 घंटों में शादी कर ली थी। कपल के एक बेटा और एक बेटी है। अंगद से शादी के पांच महीने बाद ही नेहा धूपिया ने बेटी को जन्म दिया था। वहीं, साल 2021 में उन्होंने अपने बेटे गुरिक सिंह धूपिया बेदी का स्वागत किया।

### इन फिल्मों में नजर आए अंगद बेदी

अंगद बेदी को उनकी फिल्म डियर जिंदगी, टाइगर जिंदा है, घूमर, गुंजन सक्सेना, सूरमा जैसी फिल्मों के लिए जाना जाता है। अंगद बेदी ने बहुत सी फिल्मों में काम किया, हालांकि वे अभी तक किसी फिल्म में मुख्य किरदार के रूप में काम नहीं कर पाए हैं।



## 'लाइगर' में काम करने से पहले अनन्या पांडे को था यह संदेह, पिता चंकी पांडे ने साझा की वजह



जल्द ही चंकी पांडे फिल्म 'हाउसफुल 5' में नजर आएंगे। एक हालिया दिए इंटरव्यू में चंकी पांडे ने अपनी बेटी अनन्या के एक्टिंग करियर को लेकर भी बात की। इसी इंटरव्यू में चंकी पांडे ने बताया कि जब अनन्या को फिल्म 'लाइगर' ऑफर हुई थी तो वह डाउट में थी कि यह फिल्म करे या ना करे

### अनन्या ने चंकी से बात की

चंकी पांडे हालिया इंटरव्यू में बताते हैं कि अनन्या फिल्म 'लाइगर' को करने से पहले उनके पास आई थी। उसने पूछा था कि पापा मैं इस फिल्म को करने के लिए काफी यंग हूं। वह जानना चाहती थी कि क्या इस फिल्म का करना चाहिए या नहीं तब चंकी ने जवाब दिया था कि बड़ी कमर्शियल फिल्म है, करनी चाहिए। अब चंकी को लगता है कि अनन्या सही थी।

### फ्लॉप हुई थी लाइगर

फिल्म 'लाइगर' की बात की जाए तो यह बॉक्स ऑफिस पर फ्लॉप साबित हुई थी। अनन्या के साथ इस फिल्म में साउथ एक्टर विजय देवरकोंडा नजर आए थे। फिल्म की कहानी एक बॉक्सर की थी, जो स्ट्रगल करके अपने सपनों को पूरा करता है।

### अक्षय की फिल्म में अनन्या नजर आएंगी

इस साल अनन्या पांडे अक्षय कुमार और आर. माधवन की फिल्म 'केसरी 2' में नजर आएंगी। यह फिल्म आजादी से पहले की कहानी है। जल्द ही यह फिल्म रिलीज होगी। पिछले साल अनन्या फिल्म 'कंट्रोल' में दिखी थीं, यह फिल्म ओटीटी पर रिलीज हुई। यह फिल्म सोशल मीडिया, एआई के बुरे प्रभावों पर बात करती है।



## सलमान सर के साथ काम करना सपने को जीने जैसा है

सलमान खान की फिल्म सिकंदर में एक बॉलीवुड एक्ट्रेस की एंट्री हुई है। खुद एक्ट्रेस ने फिल्म में काम करने की खबर को कन्फर्म किया है। यह एक्ट्रेस कोई और नहीं बल्कि अंजिनी धवन हैं। 24 साल की अंजिनी ने पिछले साल ही फिल्म बिन्नी एंड फैमिली से बॉलीवुड में डेब्यू किया था। अब अंजिनी को इस फिल्म में एंट्री मिल गई है। अंजिनी ने कहा... मैं इससे ज्यादा आभारी नहीं हो सकती हूं। हर बार जब मैं फिल्म के सेट पर जाती हूं तो मुझे खुद को चुटकी काटते हुए पूछना पड़ता है कि क्या यह रियल लाइफ है या मैं सपना देख रही हूं। हर एक दिन एक चुटकी लेने वाला पल होता है। अंजिनी, सलमान की बड़ी फैन हैं और उनके साथ काम करने को लेकर वह बहुत एक्साइटेड हैं। उन्होंने आगे कहा...मैं उनकी सबसे बड़ी फैन बनकर बड़ी हुई हूं। उनके साथ काम करना वाकई सपने को जीने जैसा है।

## क्या राजकुमार हिरानी की डेब्यू सीरीज की शूटिंग कर रहे हैं विक्रांत मैसी



कई लोकप्रिय फिल्में दे चुके राजकुमार हिरानी अब ओटीटी की दुनिया में दस्तक देने जा रहे हैं। उनकी डेब्यू ओटीटी सीरीज में विक्रांत मैसी नजर आएंगे। कुछ वक्त पहले विक्रांत ने कुछ वक्त ब्रेक लेने का एलान किया था। अब मीडिया रिपोर्ट्स में कहा जा रहा है कि विक्रांत मैसी ने सीरीज की शूटिंग शुरू कर दी है। वे गोवा में शूटिंग कर रहे हैं। क्या है इन खबरों की सच्चाई जानते हैं।

### गोवा में चल रही शूटिंग

मीडिया रिपोर्ट्स में दावा किया जा रहा है कि विक्रांत गोवा में हैं और वे राजकुमार हिरानी की सीरीज की शूटिंग के सिलसिले में वहां हैं। ओटीटीप्ले की एक रिपोर्ट के मुताबिक विक्रांत मैसी गोवा पहुंच चुके हैं, जहां राजकुमार हिरानी की बहुप्रतीक्षित ओटीटी सीरीज आधिकारिक तौर पर शुरू हो गई है। सूत्रों ने पोर्टल को बताया कि अभिनेता ने गोवा के खूबसूरत तटीय इलाके में शूटिंग शुरू कर दी है। कहा जा रहा है कि सीरीज की शूटिंग जोरों पर है। हालांकि, सीरीज के बारे में जानकारियां गुप्त रखी गई हैं।

## रश्मिका मंदाना ने विजय देवरकोंडा का किया बचाव!



रश्मिका मंदाना ने हाल ही में सोशल मीडिया पर एक पोस्ट शेयर किया, जिसमें उन्होंने सभी से दयालु बनने की अपील की। एक्ट्रेस की इस पोस्ट से फैंस अंदाजा लगा रहे हैं कि उन्होंने यह पोस्ट अपने रूमर्ड बॉयफ्रेंड विजय देवरकोंडा के बचाव में की है। दरअसल, रश्मिका और विजय का एक वीडियो वायरल हुआ था, जिसमें उनकी मदद न करने के कारण एक्टर को ट्रोल किया गया था। अपने इंस्टाग्राम पर रश्मिका मंदाना ने बुधवार को दो तस्वीरें शेयर कीं। इनमें एक्ट्रेस ने एक सफेद रंग की टी-शर्ट पहनी है, जिस पर काइंडफुल लिखा हुआ है। इसके कैप्शन में उन्होंने लिखा, 'आजकल दयालुता को कम समझा जाता है। मैं दयालुता और इससे जुड़ी हर चीज को अपनाती हूं। आइए हम सब एक-दूसरे के प्रति दयालु बनें।'

### एक्ट्रेस की मदद ना करने पर हुए थे ट्रोल

विजय और रश्मिका का एक वीडियो सोशल मीडिया पर वायरल हुआ था, जिसमें वे दोनों कहीं से बाहर निकलते हुए दिखाई दे रहे थे। इस दौरान रश्मिका वॉकर के सहारे चल रही थीं, जबकि विजय बिना उनकी मदद किए सीधे आगे बढ़े और अपनी कार में जाकर बैठ गए। इसके बाद ही फैंस ने विजय को उनकी रूमर्ड गर्लफ्रेंड की मदद ना किए जाने पर ट्रोल कर दिया था।

### इन फिल्मों में नजर आएंगी रश्मिका

रश्मिका मंदाना की आखिरी रिलीज हुई फिल्म 2024 की ब्लॉकबस्टर हिट पुष्पा 2 थी। जल्द ही एक्ट्रेस फिल्म सिकंदर और छावा में नजर आएंगी। ए. आर. मुरुगदोस के निर्देशन में बन रही फिल्म सिकंदर में रश्मिका, सलमान खान के साथ लीड रोल में दिखेंगी, जबकि छावा में वह विक्की कौशल के अपोजिट नजर आएंगी।



## भूल गया कि फिल्म के डायरेक्टर बोमन ईरानी हैं

एक्टर से डायरेक्टर बने बोमन ईरानी की फिल्म 'द मेहता बॉयज' में अविनाश तिवारी ने बोमन ईरानी के बेटे की भूमिका निभाई है। हाल ही में बातचीत के दौरान अविनाश तिवारी ने बताया कि शूटिंग के दौरान वो भूल गए थे कि बोमन ईरानी फिल्म के डायरेक्टर हैं। फिल्म के प्रति उनके समर्पण को देखकर बाकी लोगों ने वैसा ही काम किया। इसलिए फिल्म अच्छी बनी है। यह फिल्म सिर्फ पिता-पुत्र की नहीं, बल्कि यह फिल्म इंसानी रिश्तों की कहानी है। पेश है अविनाश तिवारी से हुई बातचीत के कुछ और खास अंश..

### फिल्म 'द मेहता बॉयज' में आपको क्या खास बात नजर आई

फिल्म का विषय तो हमेशा से काफी दिलचस्प रहा है। इंडियन सिनेमा का इतिहास रहा है कि फिल्मों में पिता-पुत्र के रिश्तों को खास तौर पर दिखाया जाता है। यह सिर्फ इंडियन सिनेमा में नहीं, बल्कि इंटरनेशनल सिनेमा में भी देखने को मिलता है। इस फिल्म में पिता-पुत्र के बीच जिस तरह के रिश्ते को दिखाया गया है। वह बात मुझे बहुत खास लगी थी। इस फिल्म को बहुत ही खास नजरिए से लिखा गया है। फिल्म की स्क्रिप्ट पढ़ते ही मुझे महसूस हुआ कि इस फिल्म का हिस्सा मुझे बनना है। मैंने जिंदगी में बहुत काम किया है और आगे करता रहूंगा। फिलहाल मेरे लिए यह महत्वपूर्ण फिल्म है।

### इस फिल्म में आपने अमय का किरदार निभाया है। यह किरदार आपके निजी जीवन से कितना मेल खाता है

फिल्म के लिए यह किरदार बहुत महत्वपूर्ण है। इस फिल्म की कहानी मुझे सिर्फ पिता-पुत्र की नहीं लगती है। बल्कि यह फिल्म इंसानी रिश्तों की कहानी है। रिश्तों में कम्यूनिकेशन, ईगो और अपनी बात को सही तरीके से ना पहुंचा पाने की समस्या होती है। उसे इसमें बहुत बखूबी तरह से पिता-पुत्र के रिश्ते के माध्यम से कहा गया है। मुझे गर्व है कि मैं एक ऐसी फिल्म का हिस्सा हूं, जो परिवार के बंधन और सुलह जैसे विषयों को इतने सटीक तरीके से रखती है।

### डायरेक्टर के रूप में बोमन ईरानी के साथ काम करने का अनुभव कैसा रहा

फिल्म के एक सीन की शूटिंग के दौरान मैं भूल गया कि बोमन सर फिल्म को डायरेक्ट कर रहे हैं। दरअसल, बोमन सर के साथ पहला सीन था जहां हम लोग एक दूसरे को सोने के लिए कहते हैं। इस सीन की रिहर्सल हमने डेढ़-दो महीने खूब की थी। शुरू के दो टेक तो हमने जो रिहर्सल की थी उसके हिसाब से बहुत अच्छा शूट हो गया। उसके बाद हम दोनों आपस में एक्टर के तौर पर डिस्कस कर रहे थे कि सीन कैसा शूट करना है। जो फीडम इस फिल्म की शूटिंग के दौरान मिली, वैसी फीडम आज तक किसी फिल्म की शूटिंग के दौरान नहीं मिली। बोमन सर का इस फिल्म में जो समर्पण देखने को मिला है, उसे देखकर हर किसी को लगता था कि उस लेवल तक कैसे काम करना है। इसलिए यह अच्छी फिल्म बन पाई है।

## जेबा- द एक्सीडेंटल... में महिलाओं की आजादी पर हुमा ने की बात

हुमा कुरैशी ने हाल ही में अपनी किताब लिखी है। इस किताब का नाम जेबा: द एक्सीडेंटल हीरो है। हुमा ने जयपुर लिटरेचर फेस्टिवल में हिस्सा लेने के दौरान अपनी पुस्तक पर चर्चा करते हुए कहा कि मैं महिलाओं को कैसे चलना चाहिए, कैसे कपड़े पहनना चाहिए, कैसे बर्ताव करना चाहिए जैसी बातों से परेशान हो गई हूं। मैंने अपनी किताब में लिखा है कि महिलाओं को जिस दिन लिंग भेद से ऊपर उठकर देखा जाने लगेगा, उस दिन से महिलाओं को असली आजादी मिलेगी। लोगों को आदमी औरत से ज्यादा एक इंसान होकर सोचने की जरूरत है। वर्कफ्रंट पर हुमा जल्द ही वेब सीरीज दिल्ली क्राइम के तीसरे सीजन में दिखेंगी।



# पहला डॉग-शो पेट रोल कॉर्निवल का हुआ आयोजन




**नोएडा ( चेतना मंच )।** सेक्टर-33 स्थित शिल्प हाट मैदान में रविवार को नोएडा प्राधिकरण की तरफ से आयोजित किए गए पेट-रोल कार्निवल-2025 के पहले डॉग शो का आयोजन हुआ। इसमें 25 नस्लों के 250 से ज्यादा कुत्ते पहुंचे। इसमें नोएडा-ग्रेनो व दिल्ली, फरीदाबाद समेत अन्य शहरों के भी निवासी शामिल थे।

शो का उद्घाटन नोएडा प्राधिकरण के सीईओ डॉ लोकेश एम ने किया। सीईओ ने कहा कि कुत्ता हमें वफादारी के साथ निस्वार्थ प्यार सिखाता है। अपने कुत्ते को याद करते हुए सीईओ ने बताया कि आईएएस बनने से पहले उन्होंने पाला था। ट्रेनिंग के दौरान उस कुत्ते की करीब 10 साल बाद मौत हुई। आखिरी मौके पर वह नहीं पहुंच पाए थे। यह बात उनको हमेशा याद आती है।

एसीईओ संजय खत्री ने भी अपने विचार रखे। विभिन्न प्रतियोगिताओं में तीनों विदेशी जज की तरफ से 12 टॉप प्रतिभागी कुत्तों का चयन किया गया। इनको पालने वालों को ट्रॉफी देकर सम्मानित किया गया। इसके साथ ही शाम को म्यूजिकल शो का भी आयोजन हुआ।

डॉग शो में जर्मन शेफर्ड नस्ल के कुत्तों के बीच कई तरह की प्रतियोगिताएं हुईं। ट्रेनर की तरफ से दिए गए आदेश का पालन हो या गोले के बीच से छलांग लगाकर तेजी से निकलना। जर्मनी से आए जज फिलिप एंड्रिक ने विभिन्न प्रतियोगिताओं के विजेता घोषित किए।

विश्व में सबसे छोटे कुत्तों की नस्लों में चिहुआहुआ तथा, सबसे बड़े कुत्तों की नस्ल में ग्रेट डेन शामिल हुआ। ग्रेट डेन नस्ल के कुत्ते को लेकर दिल्ली के राजौरी गार्डेन निवासी हरजेश पहुंचे। वहीं चिहुआहुआ नस्ल का कुत्ता लेकर दिल्ली के किशनगंज रेलवे कॉलोनी से दिशानी अपने पापा गिरीश के साथ पहुंची।

गिरीश अपने जायंट पूडल नस्ल के कुत्ते को लेकर भी पहुंचे थे। भूरे घुंघराले बालों वाले इस कुत्ते ने भी सभी का ध्यान खींचा। इसी तरह ग्रेटर फरीदाबाद से आए इटैलियन मास्टिफ ने भी अपनी धमक बिखेरी। इसे लेकर कुनाल बेसोया पहुंचे हुए थे। कुनाल ने बताया कि वह पेशे से वकील हैं। डॉग शो में कुत्तों का फैशन शो भी करवाया गया। इसके लिए 1 हजार रुपये की फीस रखी गई थी और देशी नस्ल के कुत्तों को शामिल नहीं किया गया। मुख्य रूप से छोटे और फैंसी कुत्ते इसमें शामिल हुए। टॉय पूडल नस्ल के विभिन्न कुत्तों का फैशन रैंप पर देखते ही बना।

इस मौके पर जनस्वास्थ्य विभाग के महाप्रबंधक एसपी सिंह, महाप्रबंधक (जल) आर.पी. सिंह, वरिष्ठ प्रबंधस आर.के. शर्मा, डीजीएम (सिविल) विजय रावल समेत कई अधिकारी मौजूद थे।

## नोएडा स्टेडियम श्री राम कथा
# दिव्य श्री राम कथा में भगवान श्री राम का राज्याभिषेक

**नोएडा ( चेतना मंच )।** नोएडा स्टेडियम में चल रही दिव्य श्री राम





कथा के नौवें दिन भगवान राम का राज्याभिषेक हुआ। कथा वाचक विजय कौशल महाराज ने कथा के अंतिम दिन राम रावण युद्ध प्रसंग के बाद रावण का अंतिम संस्कार, लंका से अयोध्या आना, निषाद राज गुह और भक्तराज केवट से मिलन, हनुमान जी का भरत जी को भगवान राम के अयोध्या आने की सूचना देना, भगवान का सभी माताओं से मिलन और गुरु वशिष्ठ जी द्वारा भगवान राम का राज्याभिषेक अनेक प्रसंग कहे। भगवान राम के राज्याभिषेक का वर्णन किया और बताया कि समस्त जगत में खुशी की बहार आ गई।

कथा के प्रारम्भ में मंगलमय परिवार नोएडा के प्रमुख महेश गुप्ता ने सभी सहयोग संस्थाओं, सभी भक्तों, सभी पत्रकारों, पुलिस कर्मियों, नोएडा अथॉरिटी के सभी कर्मचारियों का कथा में सहयोग के लिए धन्यवाद किया

कथा में मुख्य यजमान नेवैद्य शर्मा, संदीप अग्रवाल, बलराज गोयल, मुकुल वाजपेयी, विनोद शर्मा, संदीप तायल, विनोद शर्मा, मनीष गुप्ता, आर्य तायल, प्रवीण शर्मा, राहुल गर्ग, संध्या सिंघल, प्रमोद शर्मा, एनके अग्रवाल, सत्यनारायण गोयल, सुमन गुप्ता, डीके सिंघल, राजीव अग्रवाल, शिवम गर्ग, निशा अग्रवाल, आयु सिंघल, प्रवीण अग्रवाल अनुज गुप्ता, निशांत शुक्ला,सौरभ गुप्ता,तन्मय शंकर अनेक भक्त उपस्थित रहे।

# नवरत्न फाउंडेशन ने छात्रों को स्वेटर बांटे




**नोएडा ( चेतना मंच )।** स्कूली छात्रों को ठंड से बचाव करने के उद्देश्य से नवरत्न फाउंडेशन्स द्वारा भारत की प्रसिद्ध गैस कंपनी पेट्रोनेट एलएनजी लिमिटेड के सीएसआर के तहत पेट्रोनेट शीत कवच अभियान में 400 स्कूली छात्र-छात्राओं को 800 स्वेटर का वितरण किया गया।

निठारी गाँव में स्थित निवेदा विद्या मंदिर में आयोजित कार्यक्रम में पेट्रोनेट के वित्त निदेशक विनोद मिश्रा एवं सीएसआर प्रबंधक दीपांजन बन्दोंपाध्याय ने स्वेटर्स वितरित किये। निवेदा विद्या मंदिर के निदेशक रवि सुब्रमण्यम ने अतिथियों का स्वागत किया

नवरत्न अध्यक्ष डॉ. अशोक श्रीवास्तव ने बताया कि अभी उनका यह स्वेटर्स वितरण का अभियान जारी रहेगा। जल्द ही करीब 15 स्कूल के आर्थिक रूप से कमजोर एवं वंचित 2000 बच्चों को शीघ्र ही स्वेटर का वितरण किया जाएगा। कार्यक्रम को सफल बनाने में ऑफिस कोऑर्डिनेटर अजय मिश्रा एवं विद्यालय की शिक्षिकाओं का अहम योगदान रहा।

# थार ने मासूम को रौंदा, मौत

**ग्रेटर नोएडा ( चेतना मंच )।** जलपुरा गांव में थार कार बैक करते समय घर के बाहर सड़क पर खेल रहा एक 4 वर्षीय मासूम बच्चा उसकी चपेट में आ गया। गंभीर रूप से घायल हुए बच्चे की अस्पताल में मौत हो गई। मृतक के परिजनों की

## चालक गिरफ्तार, मुकदमा दर्ज कराया

शिकायत पर थाना ईकोटेक 3 पुलिस ने मुकदमा दर्ज कर आरोपी थार चालक को गिरफ्तार कर लिया है।

मूल रूप से शाहजहांपुर निवासी राजू सिंह अपने परिवार के साथ हाल में जलपुरा गांव में किराए पर रह रहे हैं। उनके साथ उनकी बहन भी रह रही है। 8 फरवरी की शाम को उनका 4 वर्षीय भांजा प्रशांत कुमार घर के बाहर खेल रहा था। इस दौरान पड़ोस में रहने वाले गजेंद्र ने अपनी थार कार को तेज गति में बैक किया।कार बैक करने के दौरान 4 वर्षीय प्रशांत उसके नीचे आकर गंभीर रूप से घायल हो गया। आस पड़ोस के लोगों ने किसी तरह बच्चे को अस्पताल पहुंचाया जहां चिकित्सकों से मृत घोषित कर दिया। राजू सिंह ने थार कार चालक के खिलाफ मुकदमा दर्ज कराया है।

# आरवी नॉर्थलैंड स्कूल में प्रदर्शनी आयोजित



**दादरी ( चेतना मंच )।** दादरी के चिटहेड़ा गांव में स्थित आरवी नॉर्थलैंड इंटरनेशनल स्कूल में छात्र-छात्राओं द्वारा एक एग्जीबिशन का आयोजन किया गया। अमरोहा की एडिशनल डिस्ट्रिक्ट जज नसीम खानम द्वारा फीता काटकर इस एग्जीबिशन का शुभारंभ किया गया।

एडिशनल डिस्ट्रिक्ट जज नसीम खानम ने छात्र-छात्राओं द्वारा एग्जीबिशन में पेश किए गए मॉडलों की सराहना की। उन्होंने छात्र-छात्राओं को सफल होने के लिए मेहनत व लगन से पढ़ाई करने के लिए भी प्रेरित किया। कॉलेज मैनेजमेंट अध्यक्ष वेदराम शर्मा, सचिन, श्रीपाल भाटी, पुनीत शर्मा , संस्था के संरक्षक व अखिल भारतीय ब्राह्मण महासभा के प्रदेश अध्यक्ष पीतांबर शर्मा एडवोकेट द्वारा मोमेंटो देकर अतिथियों का स्वागत किया।

पंडित पीतांबर शर्मा ने मुख्य अतिथि के रूप में उपस्थित एडिशनल डिस्ट्रिक्ट जज का आभार व्यक्त करते हुए सभी उपस्थित लोगों का कॉलेज की तरफ से सम्मान किया।

इस मौके पर नगर अध्यक्ष मांगेराम शर्मा, रामवीर शर्मा एडवोकेट, ज्ञानचंद शर्मा, महामंत्री मास्टर परमानंद शर्मा, चंद्र प्रकाश शर्मा एनटीपीसी आदि मौजूद रहे।

स्कूल में हुए कार्यक्रम के पश्चात एडिशनल डिस्ट्रिक्ट जज नसीम खानम व वरिष्ठ अधिवक्ता उषा सिंह एडवोकेट ने पंडित विद्याराम शर्मा स्मृति स्थल जाकर उनकी प्रतिमा पर पुष्पांजलि अर्पित की। इस मौके पर पंडित पीतांबर शर्मा के सुपुत्र कपिल शर्मा, श्रीमती धर्मावती शर्मा, वेदराम शर्मा सहित अन्य लोग उपस्थित थे।

# जेल वारियर ने जीता फाइनल मुकाबला

**नोएडा ( चेतना मंच )।** जिला कारागार, गौतमबुद्धनगर में जेल प्रीमियर लीग टूर्नामेन्ट का




फाइनल मुकाबला बेहद उत्साहजनक माहौल में खेला गया। क्रिकेट की कुल 10 टीमे, फुटबॉल की 2 टीमें व अन्य चैस, कैरम, लूडो आदि टीमो द्वारा इस टूर्नामेंट में भाग लिया।

इस अवसर पर जेल अधीक्षक बृजेश कुमार, मंजीत सिंह सचिव गौतमबुद्धनगर (राष्ट्रीय हॉकी खिलाड़ी), हरेन्द्र भाटी समाज सेवी, श्यामसेवा परिवार के अध्यक्ष मुकुल गोयल, HCL फाउंडेशन टीम, इण्डिया विजन फाउंडेशन के रवि कुमार श्रीवास्तव, मिथुन प्रताप सिंह, विशाल, संजय कुमार शाही कारापाल, राजीव कुमार सिंह कारापाल, सुरजीत सिंह उपकारापाल, श्रीमती मनोरमा सिंह उपकारारापाल, शिशिर कान्त कुशवाहा उपकारापाल, मनोज कुमार सिंह उपकारापाल आदि अधिकारीगण उपस्थित रहे।

क्रिकेट टीम के विजेता टीम- जेल वॉरियर, के कप्तान हरिओम सिंह को जेल प्रीमियर लीग 2025 की ट्रॉफी प्रदान की गयी तथा मैन ऑफ मैच -बंदी वॉकिफ (जेल फाइटर टीम खिलाड़ी), बैस्ट बल्लेबाज बंदी प्रवेज (जेल फाइटर टीम खिलाड़ी),मैन ऑफ द सीरीज नवनीत शर्मा जेल वार्डर (जेल वॉरियर टीम खिलाड़ी), बैस्ट गेदबाज बंदी मनीष (जेल फाइटर टीम खिलाड़ी), को प्रदान करते हुए सम्मानित किया गया। जेल वारियर ने फाइनल मुकाबला जीता।

आज फुटबॉल का फाइनल मुकाबला भी खेला गया जिसमें इण्डियन बंदी बनाम नाईजीरिया बंदी के मध्य हुआ जिसमें इण्डियन बंदी टीम द्वारा खेल का उत्कृष्ट प्रदर्शन करते हुए 02-00 से विजयी रही। अन्य टूर्नामेन्ट चैस विजयी खिलाड़ी शहबाज, कैरम का विजयी खिलाड़ी रोहित ,लूडो का विजयी खिलाड़ी शेर सिंह को पुरस्कार करते हुए सम्मानित किया गया।

# आदर्श कला ग्राम गेझा की पहली वर्षगांठ पर रैली निकाली, नुक्कड़ नाटक का मंचन किया




**नोएडा ( चेतना मंच )।** जिला गौतमबुद्धनगर के गेझा ग्राम को देश का प्रथम कला ग्राम बनने की एक अनोखी तस्वीर रविवार को देखने को मिली। कलांतर आर्ट फाउंडेशन में नि:शुल्क कला प्रशिक्षण ले रहे सैकड़ों छात्रों ने पूरे गेझा गाँव में एक जागरूकता रैली निकाल कर लोगों को ये बताया कि कला ने कैसे उनका तथा उनके परिवार का जीवन परिवर्तित किया है। बता दें कि पिछले वर्ष 2 फरवरी को जिलाधिकारी, गौतम बुद्ध नगर, मनीष कुमार वर्मा ने आदर्श कला ग्राम का उद्घाटन किया था।

रैली का शुभारम्भ हरी झंडी दिखा कर संस्था के अध्यक्ष विशाल श्रीवास्तव तथा संस्था की सदस्य सुश्री सना फातिमा ने किया। करीब दो सौ छात्रों कि इस रैली में बच्चे बड़े सभी शामिल थे। कोई नि:शुल्क चित्रकला सीख रहा है तो कोई शिल्पकला, कोई शास्त्रीय नृत्य सीख रहा है तो कोई बॉलीवुड नृत्य, कोई लेखन सीख रहा है तो कोई अभिनय, कोई पाक कला सीख रहा है तो कोई सिलाई। इन छात्रों ने पिछले वर्ष कला ग्राम की स्थापना से लेकर अब तक अपने व्यवहार, आचार-विचार, परिवार में कई परिवर्तन अनुभव किये हैं। और यह संदेश उन्होंने ग्राम गेझा के बाकी परिवारों को दिया।

कार्यक्रम का मुख्य आकर्षण रहा नुक्कड़ नाटक, जिसका विषय था, 'कला से सामाजिक उत्थान'।कलांतर के सदस्य तथा प्रसिद्ध रंगकर्मी सुधांशु श्रीवास्तव के निर्देशन में इस अनूठे नाटक का प्रदर्शन किया गया। नाटक का उद्देश्य था लोगों को अवगत करना कि समाज में फैली बहुत सारी कुरीतियों तथा हमारे भीतर उपज रही विभिन्न नकारात्मक भावनाओं का एक ही इलाज है - कला। कला एक ऐसा अस्त्र है जो बिना किसी विध्वंस के सभी बुराइयों का नाश कर देता है।

